

**इफ्तार**
शुक्रवार
सुन्नी : 6:13
शिया : 6:22

**सहरी**
शनिवार
सुन्नी : 5:13
शिया : 5:05


# पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस का मझोला में ठहराव

## केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने दिखाई हरी झंडी, रेलवे स्टेशन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, मांग पूरी होने से उत्सव सा माहौल

**संवाददाता, पीलीभीत/मझोला**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड से सटे कस्बा मझोला (पकड़िया मझोला) के लोगों को रेल यात्रा के लिए सुविधा मिल गई। पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस का मझोला रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना कराया।

बता दें कि पिछले काफी समय से क्षेत्रवासियों की ओर से पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस का रेलवे स्टेशन पकड़िया मझोला में ठहराव कराने की मांग की जा रही थी। नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने इसके लिए केंद्रीय राज्यमंत्री को पत्र दिया था। उनके निर्देशानुसार रेल मंत्री से भी मुलाकात की थी। इधर, केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रयास ने इसके लिए प्रयास किए और इसके लिए अधिकारिक मंजूरी मिल गई थी। इसे लेकर गुरुवार को मझोला रेलवे स्टेशन पर समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री पहुंचे। इसकी कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। स्थानीय नागरिक, रेलवे के अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे गंतव्य के लिए रवाना कराया। उन्होंने कहा कि पूर्णागिरि एक्सप्रेस के इस ठहराव के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे और रेल मंत्रालय के सहयोग से यह संभव हो सका। इस ट्रेन का ठहराव होने से विद्यार्थियों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों के साथ ही तीर्थ यात्रियों को सीधा लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में पहुंची स्कूली छात्राओं से भी केंद्रीय राज्यमंत्री ने संवाद किया। छात्राओं ने उन्हें स्मृति चिह्न भी भेंट किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय गंगवार, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, भाजपा जिला मंत्री आयुष मिश्रा, समाजसेवी रामानंद सिंह, दीपक अग्रवाल, दिनेश पटेल, देव स्वरूप पटेल, शांति स्वरूप सोनकर आदि मौजूद रहे। इधर, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल की अगुवाई में जमा हुए क्षेत्रवासियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद का ढोल नगाड़ों के बीच स्वागत किया और उन्हें राधा कृष्ण का चित्र भेंट किया गया।



मझोला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कराते केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

### 5.09 करोड़ से तैयार होगी रेलमार्ग दोहरीकरण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के सहयोग से मैलानी-पीलीभीत-पूरनपुर-बरेली रेल मार्ग के दोहरीकरण की भी स्वीकृति रेल मंत्रालय द्वारा कर दी गई है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने के लिए 5 .09 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दी गई है।

### ट्रेन में चार और डी कोच लगाने के लिए प्रयास

इस ट्रेन में आठ डी कोच लगे हुए हैं और यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते अतिरिक्त चार डी कोच लगवाने के लिए पत्र रेल मंत्रालय को केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद की ओर से लिखा गया है। कहा कि जल्द ही कोच की संख्या बढ़ने से यात्रा और सुगम हो सकेगी।



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं से वार्ता करते केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

## शमशान भूमि पर कब्जा, तहसीलदार से शिकायत

**बीसलपुर, अमृत विचार:** बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतपुर हीरा में शमशान भूमि है। जिसमें शवदाह ग्रह बना है। ग्रामीणों ने तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर बताया कि कई दशकों से वह इसी जगह पर अंतिम संस्कार करते चले आ रहे हैं। गांव अहिरवाड़ा के मजरा दोहा के कुछ लोगों ने इस जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। कब्जा करने से रोका तो आरोपी झगड़ा करने लगे। सूचना पर यूपी 112 पुलिस पहुंची और दोनों तरफ से एक-एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। इसके बाद वह एकत्र होकर विधायक विवेक वर्मा के आवास पर पहुंचे, विधायक के न मिलने पर फोन पर वार्ता की। इसके बाद विधायक ने एसडीएम नागेंद्र पांडे से वार्ता की। ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा। गांव के रामविलास, मुनेश, राहुल, मनोज, योगेंद्र, भानु प्रताप, हरिओम , वीरेश, करन, गीता देवी, बिट्टो, अनीता देवी, महादेवा, मालती, रामबेटी, नन्ही देवी, उर्मिला देवी, मानती देवी, महिपाल, मुन्नालाल, सुबोध, ओम प्रकाश, विकास, बबलू, जगपाल, वीरेश पाल आदि ग्रामीण थे। उधर दूसरे पक्ष पुष्पा देवी पत्नी राजेश पाल सिंह का कहना है कि उनके पास इस नंबर का बैनामा है उन्होंने जमीन को खरीदा था।

**न्यूज ब्रीफ**

### बच्चों ने चलाया मेरा गांव मेरा तीर्थ अभियान

**गजरौला, अमृत विचार:** चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के बच्चों ने देवीपुरा गांव में जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीणों को मेरा गांव-मेरा तीर्थ अभियान के महत्व से अवगत कराया। अभियान का उद्देश्य गांव को केवल निवास स्थान न मानकर उसे एक पवित्र तीर्थस्थल की तरह सम्मान देना, संवारना और विकसित करना है। बच्चों द्वारा नशा मुक्ति पर एक नाटक प्रस्तुत कर नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया। अध्यक्षता हरिओम गंगवार ने की। संयोजक प्रशांत सक्सेना, सहसंयोजक रवि प्रताप, एनसीसी कमांडेंट तनु अग्निहोत्री घोष, सुरेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, राजेश कुमार, विवेक, विनोद कुमार, अरविन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

### कपड़ा व्यवसायी का निधन, शोक

**बिलसंडा, अमृत विचार :** कपड़ा व्यवसायी कुलदीप गुप्ता का बुधवार रात निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता, डॉ. मनमीत गुप्ता, शिवसरन गुप्ता, राजेश गुप्ता, सतीश गुप्ता, रजत सागर, पवन शर्मा, जितेंद्र दुबे, सुशील शर्मा, विकास गुप्ता आदि ने परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

### एसआईआर में बीएलओ का करें सहयोग

**अमरिया, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, बीडीओ दिनेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में एसआईआर नोटिस को लेकर आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई। फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बीडीओ ने बताया कि एसआईआर फॉर्म में नाम, पता और अन्य विवरण में त्रुटियों के कारण नोटिस जारी हो रहे हैं। उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ त्रुटियों के संशोधन की प्रक्रिया समझाई, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से वंचित न रह जाए। बैठक में बीएलओ का पूर्ण सहयोग करने के निर्देश भी दिए गए।

# विज्ञान दिवस पर बच्चों ने वैज्ञानिकों के बारे में जाना

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** समाधान आईपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान के प्रति उत्साह और उमंग जागृत करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा एक से पांच तक के बच्चे शामिल हुए। 25 वैज्ञानिकों के चित्र संकलन किए।

कार्यक्रम में स्प्रिंगडेल कॉलेज, स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल, लॉर्ड कृष्णा स्कूल, गोस्वामी मांस प्राइड स्कूल, कंपोजिट विद्यालय नखासा, कंपोजिट विद्यालय अशरफ खां, मदरसा फलाहे आम, लाइंस बाल विद्या मंदिर, सुरेश शुक्ला मेमोरियल स्कूल, मदर ग्रेस पब्लिक स्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा, बृजवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रोजी फ्लावर स्कूल, जेएमबी किड्स, अवध पब्लिक स्कूल, रानी अवंती बाई जूनियर हाईस्कूल आदि से दो-दो प्रतिभागियों ने भाग लिया। बच्चों ने वैज्ञानिकों को जाना व पहचाना। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर शुभम शर्मा, शुभम, सोनिया गोस्वामी, सोमेश शर्मा, अमित शर्मा, यामिनी मिश्रा सनी दीक्षित, गीता देवी आदि का योगदान रहा।




वैज्ञानिकों के चित्र संकलन कर दिखाते बच्चे।

# बच्चों को सशक्त और जागरूक नागरिक बनने को किया प्रेरित

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर के एनएसएस शिविर छठे दिन स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उन्नति नहीं, बल्कि युवाओं में सामाजिक संवेदनशीलता, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है। कौशल विकास के लिए युवा की थीम के तहत ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सशक्त और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। जागरुकता रैली भी निकाली गई।

मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनीता सैनी ने किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, पोषण की आवश्यकता, स्वच्छता, एनीमिया की रोकथाम, ल्यूकोरिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। कहा कि सही जानकारी, संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच से किशोरियों के स्वास्थ्य संबंधी अधिकांश समस्याओं का समाधान संभव है। सड़क सुरक्षा विषय पर गोष्ठी भी हुई। मुख्य वक्ता यातायात पुलिस से प्रदीप सिंह रहे। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे में वाहन न चलाने और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मृदुला शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा जैसे विषय आज की आवश्यकता हैं। स्वास्थ्य एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर डॉ.अनिंका दीक्षित, शाहिद खान, डॉ.अंशिका शर्मा, डॉ.राजिया शकील, आराध्या, खुशबू, , सोनी प्रजापति, शिवानी, अनुष्का आदि मौजूद रहे।



जागरुकता रैली में शामिल गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य व अन्य।



शिविर में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### छठे दिन हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम

**बिलसंडा, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में छठे दिन जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण करके कराई। बौद्धिक सत्र में प्रोफेसर अनुजा अग्रवाल ने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को महिला सशक्तिकरण विषय पर जानकारी देकर प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. दिनेश कुमार, नरेंद्र कुमार बत्रा, डॉ. सतेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# छठे दिन स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

- स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने पौधरोपण किया।

प्राचार्य डॉ.इलयास अहमद ने स्वयंसेवकों व अन्य छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पेड़-पौधों का महत्व समझाया। बताया कि धरा की खूबसूरती को बनाये रखने में वन संरक्षण अत्यन्त आवश्यक है। पेड़-पौधों से ही ऑक्सीजन मिलती है, जिससे जीवन संभव हो पाता है। पौधरोपण में सभी स्वयंसेवकों ने अपना योगदान देकर महाविद्यालय परिसर व आस-पास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाया। को-ऑर्डिनेटर राजपाल ने संदेश दिया कि एक पेड़ काटो तो उसके स्थान पर दो नये पेड़ लगाओ। इस मौके पर आकाश वर्मा, अयान, साहिल, सैमून फातिमा, मानसी अरोरा, यशपाल, निगार, अनस, तुषार, सत्यम कुमार, लव, ज़रनैन, अंजुम, कृतिका, दिव्यांशी, अनुष्का, सहरनुमा, प्रमोद भारती, अर्श, तारिक, हदीका ऐमन, पलक शर्मा, साक्षी, अंकिता, जैसमिन आदि मौजूद रहे।




शिविर के तहत पौधरोपण करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# शैक्षिक भ्रमण के दौरान दी गईं जानकारियां

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पूरनपुर ब्लाक के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय खासपुर के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अकाल अकादमी गोमती पुल ले जाया गया।

भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं खुश नजर आए। आग बुझाने के तरीके समेत विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। फरहान अहमद, अंकुर सिंह, हरजिंदर कौर, नागेंद्र शर्मा, अमर सिंह अकाल अकादमी की तरफ से भ्रमण प्रोग्राम में कंपोजिट विद्यालय खासपुर के स्कूली बच्चों के साथ रहे। शिक्षिका पूनम रावत, अनुदेशक विनोद कुमार समेत अन्य स्टाफ ने अकाल अकादमी की हरजिंदर कौर और उनके समस्त स्टाफ का आभार जताया। प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण ने बताया कि स्कूल लगातार अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है।



आग बुझाने का तरीका जानते बच्चे। ● अमृत विचार

# रोटरी क्लब ने होली उत्सव में मचाई धूम



होली कार्यक्रम में रोटरी क्लब पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** शहर के एक होटल में रोटरी क्लब ने होली उत्सव का आयोजन किया। पुरुष सदस्यों का गुलाल लगाकर और महिलाओं का गजरा लगाकर स्वागत किया गया।

ढोल की थाप के बीच होली उत्सव में रैपिड फायर, फिल्मी गीतों की पहचान , रंग बिरंगी हाऊजी, फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज गुप्ता, शालिनी गुप्ता, सदस्य अंशुल अग्रवाल , कोमल अग्रवाल, उमेश गुप्ता , पूनम गुप्ता, रचित अग्रवाल, रेनू अग्रवाल , रचित अग्रवाल, शीतल अग्रवाल आदि ने गेम्स और डांस कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना, डॉ. अनुरीता सक्सेना, कपिश अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल ने मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर डॉ.एसपीएस संधू, हरमेश संधू , डॉ. एसके अग्रवाल , डॉ. भारत कंचन, डॉ. आस्था कंचन, डॉ.पीएन सक्सेना, डॉ.ममता सक्सेना , डॉ.राकेश गुप्ता, मलिक मित्तल , गौरव अरोड़ा, राकेश अग्रवाल, विश्वनाथ चंद्रा, अनिल अग्रवाल, डॉ. राहुल शर्मा , संदीप पुरी , राजीव मल्होत्रा , नीना, राजीव अग्रवाल, रितु अग्रवाल , सरदार सिंह चावला, राजेंद्र सिंह छाबड़ा , डॉ. प्रांजल अग्रवाल, डॉ.नेहा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# साइबर सुरक्षा और महिला सम्मान की दिलाई शपथ

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** रामलुभाई साहनी महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं और ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध से बचाव, महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

मुख्य अतिथि महिला थाना से दरोगा रीता कुमारी, संगीता शर्मा, ज्योति, महिला कल्याण विभाग से जिला मिशन मैनेजर रीना पांडे रहे। रीता कुमारी ने महिला सुरक्षा से संबंधित कानून, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। जेंडर स्पेशलिस्ट जय श्री सिंह ने जेंडर समानता, डिजिटल जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. सचिन गिहार ने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. फजलुर रहमान ने छात्राओं को तकनीक का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बरखा ने आभार जताया। छात्राओं को शपथ भीदिलाई गई।



छात्राओं को जागरूक करती महिला दरोगा रीता कुमारी।

# लघु नाटिका के जरिए बताया सड़क सुरक्षा का महत्व

**पीलीभीत, अमृत विचार:** डिवाइन कालेज में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लघु नाटिका का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों व जनमानस को सड़क दुर्घटनाओं, यातायात नियमों के लिए जागरूक करना रहए।

सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी डॉ.हरचरन लाल के निर्देशन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अमित, विशाल, उपासना, खुशबू, राम सिंह, हेमंत, कविता, रतनप्रभा, प्रिया सिंह, शिवांगी वर्मा, मानसी कश्यप, अंजली, दीपा, दीपिका रावत, चित्रा तिवारी आदि ने प्रतिभाग किया।

यातायात नियमों का महत्व बताया और लोगों को जागरुक किया। प्राचार्य डॉ.नीरज कुमार जायसवाल ने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**राहत** पावर कॉरपोरेशन की ओर से कराए गए सर्वे में अछूते मिले गांव, नहीं है लाइन

# बिजली की मूलभूत सुविधा से वंचित 117 गांव होंगे रोशन

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**




- संबंधित गांवों के 713 लोगों ने कनेक्शन के लिए किया आवेदन, अब होगा काम
- ग्रामीणों को उम्मीद बंधी अब बिजली आने से मिलेगी सभी सहूलियतें

**अमृत विचार :** वर्षों से अंधेरे में जीवन गुजार रहे गांवों के लिए अब रोशनी की नई सुबह आने वाली है। जिले के ऐसे 117 गांव, जहां आज तक बिजली की मूलभूत सुविधा नहीं पहुंच सकी थी, अब जल्द ही जगमगाएंगे। पावर कॉरपोरेशन की ओर से कराए गए व्यापक सर्वे में इन गांवों के बिजली लाइन से पूरी तरह अछूते होने की पुष्टि हुई है। सर्वे के बाद आगे बढ़ी प्रक्रिया में 713 ग्रामीणों ने बिजली की लाइन आने के बाद कनेक्शन लेने की बात कही है। सर्वे पूरा होने के बाद विभाग की ओर से जल्द ही धरातल पर काम शुरू कराया जाएगा।

बता दें कि जिले में तीन डिवीजन है। जिसमें शहर, बीसलपुर और पूरनपुर शामिल है। यहां 36 सब स्टेशन बने हुए हैं। जहां से पूरे जिले में बिजली सप्लाई की जा रही है। जिले में 161617 उपभोक्ता है, जहां बिजली की सप्लाई दी जाती है। सौभाग्य योजना के तहत बिजली के निःशुल्क कनेक्शन कर भले ही घर-घर बिजली पहुंचाने का दावा किया हो, मगर जिले के अभी भी कई गांवों में बिजली नहीं है। ऐसे में बिजली न होने की वजह से शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। कलीनगर तहसील क्षेत्र के जंगल से सटे गांव सेल्हा, मूसेपुर, बाग मझारा, सातझाल और रामकोट आज तक बिजली से वंचित हैं। इन गांवों के ग्रामीण अभी भी बिजली को तरस रहे हैं। इनमें अधिकतर शारदा पार के इलाके हैं। इन पांचों की कुल आबादी 1200 है। मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर यहां के लोग पहले शारदा और जंगल के बीच में बसे हुए हैं। ऐसा ही हाल पावर कारपोरेशन की सर्वे रिपोर्ट में आया है। पूरे जिले के 117 गांवों में बिजली से महरुम है। कई बार ग्रामीण कनेक्शन के लिए आगे आते है, तो गांवों में बिजली के पोल तक नहीं है। इस समस्या को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से सर्वे कराया गया। सर्वे में ऐसे 117 गांव चिन्हित किए गए हैं, जहां अब तक बिजली की लाइन ही नहीं पहुंच सकी थी। इन गांवों के लोग वर्षों से लालटेन, ढिबरी और वैकल्पिक साधनों के सहारे जीवन यापन करने को मजबूर थे। रिपोर्ट के अनुसार प्रारंभिक सर्वे में पीलीभीत डिवीजन में 59, बीसलपुर में 38 और पूरनपुर में 20 इलाके ऐसे पाए गए हैं। सर्वे में सामने आया कि अधिकतर इलाकों में एनओसी बाधा बनी, तो कहीं जिम्मेदार सक्रिय नहीं रहे। अब शासन के निर्देश पर जिम्मेदारों ने गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत 713 ग्रामीणों ने घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किए हैं। योजना के तहत पहले चरण में इन गांवों तक विद्युत लाइन बिछाने, पोल लगाने और ट्रांसफार्मर स्थापित करने का कार्य किया जाएगा। इसके बाद पात्र आवेदकों को कनेक्शन दिए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि काम को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जल्द से जल्द गांवों में रोशनी पहुंच सके। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आने से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज, कृषि कार्य और छोटे-छोटे रोजगारों को नई गति मिलेगी। साधनों के विस्तार से गांवों की तस्वीर बदलने की उम्मीद जताई जा रही है।

> विभाग की ओर से जिले में ऐसे गांवों को सर्वे कराकर चिन्हित किया गया है। जहां बिजली की लाइन नहीं है मगर आबादी बसी हुई है। ऐसे में शासन के निर्देश पर इन गांवों में बिजली मुहैया कराने की तैयारी की गई है। सर्वे में 117 गांव चिन्हित किए गए हैं। जहां बिजली आपूर्ति दी जाएगी। **-भविष्य कुमार सक्सेना**, अधीक्षण अभियंता

## जिले में आज

- गांधी स्टेडियम में भारत नेपाल मैत्री महोत्सव दोपहर 03 बजे से।
- बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम बेहटा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे से।
- शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज दोपहर 1.30 बजे।
- बिलगवां गांव में एनएसएस शिविर के तहत जागरूकता कार्यक्रम सुबह 11 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव जिरौनिया की निवासी रेखा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी आठ मई 2022 को कस्बा जहानाबाद के मोहल्ला पुरैना निवासी योगेश कुमार गौड़ उर्फ योगी पुत्र विनोद कुमार से हुई थी। पति, ससुर, सास उर्मिला देवी, देवर अमन गौड़, इज्जतनगर बरेली के हवाई अड्डे के पास के रहने वाले नंदोई दीपक पाठक, ननद सोनम पाठक अतिरिक्त दहेज में दस लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने लगे। 20 जून 2024 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत छह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। वह अपने पति एवं बच्चों के साथ सिडकुल हरिद्वार में प्राइवेट कंपनी में वहीं रहकर मजदूरी करते हैं। सभी बच्चे साथ में ही रहते हैं। वहीं से उसकी 19 वर्षीय पुत्री को आठ दिसंबर 2025 को गांव उमरिया निवासी मनोज बहला फुसलाकर ले गया। वह एवं उसके पति थाना सिडकुल जाते रहे लेकिन पुलिस टालमटोल करती रही। घटना की सूचना सिडकुल पुलिस द्वारा दर्ज नहीं की। उमरिया आए तो आरोपी ने अभद्रता की।

### कच्ची शराब के चार धंधेबाज गिरफ्तार

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** अवैध शराब के धंधेबाजों पर शिकंजा कसने के अभियान में छापामारी की गई। घुंघचिहाई और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम मटैना पहुंचकर ड्रोन से पड़ताल की। इसके बाद छापामारी कर चार आरोपी गांव के ही मंसाराम पुत्र प्रभुदयाल, राधेश्याम पुत्र रामचरन, राजेंद्र कुमार पुत्र नंदलाल और अन्नपूर्णा पत्नी देवेश को गिरफ्तार किया। उनके पास से 71 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। 200 ग्राम लहन नष्ट कराया गया।

# रसूखदारों की कॉलोनियों में आते ही थमा बुलडोजर

## सिटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में डीएम के निर्देश पर शुरू किया गया था अतिक्रमण हटाओ अभियान, अचानक कैसे हुआ बंद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



माधोटांडा रोडपर नए बाईसपास के पास विकसित की जा रही कॉलोनी।

**अमृत विचारः** नियम ताक पर रखकर अवैध तरीके से कॉलोनियों को विकसित करने वाले कॉलोनाइजर्स पर शिकंजा कसने की सख्त दावों के साथ शुरू की गई मुहिम पस्त पड़ चुकी है। दर्जनभर से अधिक कॉलोनियों को चिन्हित करने का दावा करते हुए शुरू किए गए अभियान में दो स्थानों पर छिटपुट निर्माण को ढहाया गया और फिर कुछ में राजनीतिक दबाव पड़ने पर बैकफुट पर आना पड़ा। नतीजतन अब पखवाड़ा भर का समय होने को हैं, लेकिन न तो कहीं अफसर झांकने पहुंचे न ही बुल्डोजर की गरज सुनाई दी।

बता दें कि पिछले कुछ समय में तेजी से कॉलोनियों का मकड़जाल फैलता जा रहा है। कुछ सालों में ही कई अवैध कॉलोनियों बना दी गई। शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में गैरपंजीकृत कॉलोनाइजर किसानों से सस्ते दामों में जमीन खरीद कर उसमें प्लाटिंग कर महंगे दामों में बेचने जुट गए। अवैध कॉलोनियों के इस गोरखधंधे में सफेदपोश से लेकर रसूखदार तक शामिल बताए जाते हैं। बताते हैं कि इसी गठजोड़ से यह अवैध धंधा तेजी से पनपता चला गया। हालांकि अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान भी बीते सालों में चलाए गए लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधिकांश में प्रशासनिक स्तर से नोटिसबाजी तक कार्रवाइयां सीमित रहीं। माधोटांडा रोड पर ही कुछ दिनों में कई कॉलोनियां बना दी गई है। बाईपास के किनारे ही कॉलोनियां स्थापित की जा रही है। जिनके वैध और अवैध होने पर सवाल बरकरार है। बीते दिनों डीएम के निर्देश पर अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान शुरू किया गया। इसमें दर्जनभर से अधिक ऐसी कॉलोनियां चिन्हित की गई थी, जिनको बिना नक्शा पास कराए स्थापित कराया जा रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर की अगुवाई में शुरुआत हुई। हालांकि पहले ही दिन आधी-अधूरी तैयारियां संशय बना गई थी। पहले तो नगर पालिका की जेसीबी नहीं पहुंची। इसके बाद माधोटांडा रोड पर चिड़ियादाह गांव के पास दो स्थानों पर 10 फरवरी को पुराने छिटपुट निर्माण को ढहाया गया। आसपास की रसूखदारों की कॉलोनियों की तरफ निगाह भी नहीं डाली गई। इसके बाद 13 फरवरी को टीम को माधोटांडा रोड पर बाईपास के पास बन रही कॉलोनियों की तरफ जाना था लेकिन अचानक प्लानिंग बदली और पिंक सिटी के पीछे की तरफ एक अवैध कॉलोनी में छिटपुट निर्माण किराए पर जेसीबी मंगाकर ध्वस्त करा दिया गया। इसी के पास एक अवैध कॉलोनी की तरफ पहुंचने पर बताते हैं कि किसी की कॉल आ गई थी और टीम को बैकफुट पर आना पड़ा था। फिर अब तेरह दिन से अधिक समय बीत चुका है। इस दौरान कहीं पर भी एक ईट नहीं तोड़ी गई है। ऐसे में सख्ती के दावों पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। बकाया कॉलोनियां रसूखदारों के संरक्षण में बताई जाती है। अब पस्त पड़ी मुहिम के पीछे इसी को वजह माना जा रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर का कहना है कि बिना नक्शा पास कराए बनाई जा रही कॉलोनियों को लेकर अभियान शुरू किया गया है। पूर्व में कार्रवाईयां की भी गई है। अभियान अभी पूरा नहीं हुआ है, जल्द शेष चिन्हित कॉलोनियों पर कार्रवाई की जाएगी।

- **दो स्थानों पर छिटपुट कार्रवाई, अन्य में घनघनाए कॉल..और पस्त पड़ी मुहिम**

### अवैध कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन, जांच फिर भी नहीं

तेरह फरवरी को सिटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में टीम ने पहुंचकर पिंक सिटी के पीछे की तरफ एक अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराया था। इस दौरान सामने आया था कि अवैध कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन तक डाली गई थी। सिटी मजिस्ट्रेट भी इसे देख हैरान रह गए थे। उस वक्त ये आशंका जताई गई थी कि ये सरकारी विभाग की ओर से डाली गई होगी। ऐसे में साठगांठ की ओर भी इशारा हुआ। मगर जांच फिर भी इस बिंदु पर नहीं कराई जा सकी है, न ही तस्वीर पूरी तरह से साफ हो सकी। माधोटांडा रोड पर नए बाईपास के पास नियम विरुद्ध तरीके से विकसित कॉलोनियों पर विशेष फोकस किया गया था। इसके अलावा बाईपास को हरा-भरा रखने के लिए मार्ग के दोनों ओर 30-30 मीटर का दायरा ग्रीन जोन घोषित किया जा चुका है। इसे लेकर भी सिर्फ नोटिस जारी हुए थे। बताते हैं कि इस दायरे में भी कई निर्माण हो गए थे। इन पर भी सख्त चेतावनी देते हुए नोटिस तो दे दिए गए लेकिन इसके बाद कार्रवाई यहां पर भी पस्त रही। इसके अलावा शहर के बाहर की तरफ कई अन्य स्थानों पर भी तेजी से नियम ताक पर रखकर कॉलोनियां स्थापित कराने का खेल जारी है।

## चचेरा भाई बन जालसाजों ने महिला से ठगे 51 हजार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एक जालसाज ने महिला का चचेरा भाई बनकर 51 हजार रुपये की ठगी कर ली। सुनगढ़ी क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी निवासी पुष्पा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 फरवरी को उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। इसमें कॉलर ने खुद को उनका चचेरा भाई रवि बताया जो विदेश में काम करता है। विश्वास में लेकर आरोपी ने कहा कि वह उनके लिए कीमती गिफ्ट और विदेशी मुद्रा लेकर भारत आ रहा है। अगले ही दिन ठग ने दोबारा फोन कर बताया कि उसे मुंबई एयरपोर्ट पर सीबीआई ने पकड़ लिया है और यदि टैक्स के रूप में मोटी रकम नहीं दी गई तो उसे और पुष्पा देवी दोनों को जेल भेज दिया जाएगा। डर के कारण उसने अलग-अलग किस्तों में स्कैनर कोड के माध्यम से कुल 51 हजार रुपये भेज दिए। इसमें जितेंद्र और कविता फकीर गेटकर के नाम के खाते शामिल थे। उसने बताया कि आरोपी अब भी पुलिस कार्रवाई का भय दिखाकर लगातार और रुपयों की मांग कर रहे हैं इससे उनका पूरा परिवार दहशत में है।

# भाकियू ने सदर तहसील में धरना देकर की नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



सदर तहसील में किसानों के उत्पीड़न के विरोध में धरना देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राजस्व प्रशासन पर किसानों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने सदर तहसील में धरना देकर नारेबाजी की। धरना स्थल पर हुई सभा में आरोप लगाया कि तहसीलदार -लेखपाल मिलकर किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं। दोपहर बाद एसडीएम सदर को ज्ञापन दिया। एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ता गुरुवार को सदर तहसील पहुंचे। जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने किसानों के उत्पीड़न के विरोध में नारेबाजी कर धरना शुरू कर दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि तहसील सदर में तहसीलदार व लेखपालों द्वारा किसानों को गुमराह कर प्रताड़ित किया जा रहा है। जिस कारण किसानों की जमीन के दाखिल खारिज, विरासत, जमीनों की पैमाइश और पट्टाधारकों को कब्जा नहीं मिल पा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इधर दोपहर बाद एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह धरना स्थल पर पहुंची। जिलाध्यक्ष की अगुवाई में नौ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें नौगवा पकड़िया में मोहम्मद जिलानी व मिराजुल हक का तत्काल दाखिल खारिज कराने, किसान राजवीर सिंह शर्मा के मामले में कानूनगो मान सिंह के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए टीम बनाकर जमीन की पैमाइश कराने, सदर तहसील क्षेत्र में छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने, किसानों के तीन वर्ष के लंबित मुकदमों को निस्तारण करने, तीन साल से जमे कर्मचारियों का दूसरी तहसील में स्थानांतरण कराने, विरासत व दाखिल खारिज के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में समस्याओं का समाधान न होने पर अनश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी। एसडीएम सदर ने किसान नेताओं को समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों, प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड-उत्तप्रदेश बलजिंदर सिंह मान, प्रदेश उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, नेमचंद वर्मा, गुरजीत सिंह विर्क, निर्मल भोजवाल, दशरथ सिंह, सोनू शाह, वीरपाल राजपूज, नागेंद्र कुशवाहा, पूरनलाल आदि मौजूद रहे।

- **एसडीएम सदर के आश्वासन पर धरना किया समाप्त**
- **तहसीलदार व लेखपालों पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप**

# गोकुल प्रसाद मौर्य बने भाजपा के जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गोकुल प्रसाद मौर्य।

**अमृत विचारः** भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर ताजपोशी का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ। 27 दावेदारों को पछाड़ते हुए संगठन की कसौटी पर गोकुल प्रसाद मौर्य खरे साबित हुए। होली से पूर्व घोषणा हुई और अब नए जिलाध्यक्ष भाजपा गोकुल प्रसाद मौर्य होंगे।

बता दें कि भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर संजीव प्रताप सिंह छह साल का सफल कार्यकाल पूरा कर गए। कुल 28 दावेदारों ने इस पद के लिए आवेदन किया। नामांकन कराने वालों में गुरभाग सिंह, लेखराज भारती, राजेंद्र प्रसाद कश्यप, रेखा सिंह परिहार, दीपक कुमार अग्रवाल, डालचंद्र वर्मा, आयुष मिश्रा, सुषमा देवी, अलंकार शर्मा, तुलाराम लोधी, कमलेश कुमार गंगवार, सतनाम सिंह, सोनू वाल्मीकि, रजनीश पांडेय, गोकुल प्रसाद मौर्य, दिनेश पटेल, अमित वाल्मीकि, मनोज कुमार गुप्ता, नागेंद्र प्रताप सिंह, धीरेंद्र मिश्रा , संजीव मोहन अग्रवाल, प्रफुल्ल मिश्रा, रेनू राज, हेमराज दिवाकर, संतराम राठौर, शरदपाल सिंह, महादेव गाईन, अमित अग्रवाल आदि थे। अब होली से पूर्व घोषणा हुई है। अब नए भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य होंगे। वह प्रबल दावेदारों में शुमार रहे और संगठन ने भी इन पर विश्वास जताया है। बता दें कि गोकुल प्रसाद मौर्य करीब पांच बार भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और छह बार से सभासद भी है। डीसीडीएफ के चेयरमैन भी है।

# 5000 की रिश्वत लेते वनकर्मी को एंटी करप्शन ने पकड़ा

संवाददाता, माधोटांडा



एंटी करप्शन टीम की गिरफ्त में पकड़ा गया आरोपी वनकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रेत के ट्रकों से अवैध वसूली का खेल उस वक्त बेनकाब हो गया, जब एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई करते हुए वन विभाग के एक न्यूनतम वेतन कर्मी पर कार्यरत एक वनकर्मी को रंगे हाथों दबोच लिया। गुरुवार को माधोटांडा क्षेत्र के लालपुल के पास हुई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से पांच हजार रुपये की रिश्वत भी बरामद की गई। ट्रक चालक की पूर्व में की गई शिकायत के बाद हुई इस गिरफ्तारी से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। पूरे महकमे में खलबली मची हुई है।

बता दें कि माधोटांडा क्षेत्र के पिपरिया संतोष निवासी फैय्याज ट्रक चलाते हैं। वह उत्तराखंड से रेता बजरी लाकर बेचते हैं। उत्तराखंड से यूपी सीमा पर घुसने के बाद महोफ रेंज के लालपुल के बॉर्डर पर कार्यरत न्यूनतम वेतन कर्मी संजीव कुमार उनसे अवैध वसूली करता है। चर्चा है कि रुपये अन्य वन विभाग के कर्मचारियों की शह पर करता था। जिस वजह से यहां से गुजरने वाले ट्रक चालक परेशान थे। इस पर मामले की शिकायत बरेली में एंटी करप्शन को दर्ज कराई गई थी। सूचना मिलने के बाद टीम ने इस पर गोपनीय जांच की। इसके बाद गुरुवार दोपहर टीम ने चेक पोस्ट पर छापा मारा और न्यूनतम वेतन कर्मी संजीव कुमार को मौके पर पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन की ओर से यह कार्रवाई ट्रैप प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में की गई। आरोपी के खिलाफ माधोटांडा थाने में तहरीर दी गई है। टीम माधोटांडा सीएचसी में मेडिकल कराने के बाद आरोपी को अपने साथ ले गई। थाना प्रभारी अशोक पाल सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, रिश्वत के साथ वनकर्मि के पकड़े जाने से कर्मचारियों में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा।

- **गुरुवार को लालपुल से किया गिरफ्तार, पांच हजार रुपये भी बरामद**
- **पूर्व में ट्रक चालक ने दर्ज कराई थी शिकायत, महकमे में मची खलबली**

# छह केंद्रों पर 2280 अभ्यर्थी देंगे दरोगा भर्ती की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसपी व एएसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में उपनिरीक्षक की लिखित भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 14 व 15 मार्च को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए छह कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यह परीक्षा चार पालियों में कराई जाएगी। जिसमें 2280 अभ्यर्थी किस्मत आजमाएंगे। परीक्षा संपन्न कराने के लिए शिक्षा और पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

बता दें कि उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस पदों पर भर्ती की लिखित परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले में कुल छह परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय और राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 2280 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 336 परीक्षार्थियों की तैनाती की गई है, जबकि शेष पांच केंद्रों पर 384-384 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो दिनों में चार पालियों में कराई जाएगी, जिससे भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति न बने। परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रवेश के समय एडमिट कार्ड के साथ आधार कार्ड और फोटो पहचान पत्र अनिवार्य किया गया है। साथ ही, अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर कम से कम एक घंटा पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एसपी सुकीर्ति माधव और एएसपी विक्रम दाहिया ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय, राम इंटर कॉलेज में कक्षों, सीसीटीवी समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रधानाचार्यों और स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए गए।

- **राजकीय कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र, एसपी ने किया निरीक्षण**

**मिलावट** | **दो साल में पनीर के सैंपलों की जांच में 70 फीसदी निकले फेल, होली के बाजार में मिलावटी पनीर की भरमार**

# त्योहारी सीजन में संभलकर खाएं पनीर, बीमार न कर दे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



ऐसा दिखता है पनीर।

**अमृत विचारः** होली पर यदि आप पनीर का स्वाद और लजीज भोजन करने की तैयारी में हैं तो सतर्क होकर खरीदने की जरूरत है। त्योहार पर अधिक मुनाफा कमाने के लालच में मिलावटखोरों ने बाजार में बड़े पैमाने पर मिलावटी पनीर खपाना शुरू कर दिया है। यह गोरखधंधा कई सालों से चल रहा है। इसकी पुष्टि खुद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की रिपोर्ट कर रही है। जिसमें पिछले दो सालों में लिए गए सैंपलों 70 फीसदी से अधिक सैंपल जांच में फेल पाए गए। होली समेत अन्य सीजन में सैंपलिंग में अरारोट सहित कई प्रकार के तत्व और फैट का कम होने की पुष्टि हो चुकी है।

होली त्योहार का समय नजदीक आ चुका है। ऐसे में मिठाई, मावा, पनीर समेत अन्य खाद्य पदार्थों की डिमांड बढ़ जाती है। इस डिमांड को पूरा करने के लिए मिलावटखोर मुनाफे के लालच में लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। सरकारी सिस्टम की ढिलाई से मिलावटखोरों से शहरवासी तो जूझ ही रहे हैं, वहीं अब गांव भी इससे अछूते नहीं बचे हैं। होली पर कई दिन पहले से पनीर की डिमांड भी तेजी से बढ़ी है। बढ़ी डिमांड का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गुरुवार शाम 04 बजे के बाद अधिकांश पनीर की दुकानों पर शार्टेज देखी गई। इधर इसी बढ़ी डिमांड का फायदा मिलावटखोर उठा रहे हैं। जानकारों की मानें तो मिलावटखोर बढ़ी डिमांड को पूरा करने के लिए पनीर में अरारोट के साथ डिटर्जेंट पाउडर भी मिला रहे हैं। यह मिलावटी पनीर किडनी, लिवर के साथ त्वचा पर भी बुरा डाल रहा है।

> उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाईयां की जा रही है। होली के मद्देनजर सघन अभियान चलाया जा रहा है। मिलावटखोरों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।
> 
> **- स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव**, प्रभारी अभिहीत अधिकारी

### ऐसे करें असली नकली की पहचान

असली पनीर नरम और दानेदार होता है, जिसे मसलने पर वह आसानी से टूट जाता है और ताजी महक आती है। नकली पनीर रबर जैसा, सख्त, या ज्यादा चिपचिपा होता है और गर्म करने पर अजीब गंध छोड़ता है। पहचान के लिए उसे गर्म पानी में उबालें<bha>;</bha> अगर वह पानी में बिखर जाए तो नकली है, और अगर अपनी बनावट बनाए रखे तो असली है। वहीं पनीर के थोड़े से टुकड़े को मैश करके पानी में उबाल लें। ठंडा होने पर इसमें 2-3 बूंदें आयोडीन सॉल्यूशन डालें। अगर पनीर का रंग नीला या काला हो जाए, तो उसमें स्टार्च की मिलावट है।

### दूध-पनीर की कीमतों का अंतर बयां कर रहा मिलावट की कहानी

बाजार में इन दिनों दूध की कीमत 70 रुपये से कम नहीं है। वहीं पनीर 300 से 320 रुपये प्रति किलो के बीच में मिल जाएगा। मिठाई बनाने वाले कारीगर मनोज के मुताबिक एक किलो पनीर बनाने के लिए 6 .5 लीटर से अधिक दूध की जरूरत पड़ती है। बाजार में बिक रहे दूध की बात करें तो 6 .5 लीटर दूध करीब 455 रुपये हुआ। दूध की कीमत और पनीर के रेट में अंतर मिलावट की कहानी को साफ=साफ बयां कर रहा है। त्योहार में एकाएक बड़ी मात्रा में पनीर की उपलब्धता इस बात की पुष्टि करता है कि त्योहार में मोटी कमाई के लिए धंधेबाज सक्रिय हो गए।

### दो साल में 47 पनीर सैंपलों में 35 फेल

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के मुताबिक वर्ष 2024-25 में जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों से पनीर के 26 सैंपल लिए गए थे। इन सैंपलों की जांच रिपोर्ट आई तो इसमें 20 सैंपल फेल पाए गए। वहीं 2025-26 में अब तक पनीर के सैंपल 21 सैंपल लिए जा चुके हैं। इनमें करीब 20 की जांच रिपोर्ट विभाग को प्राप्त हो चुकी है। सैंपलिंग रिपोर्ट में 15 सैंपल फेल पाए गए हैं। सैंपलिंग रिपोर्ट से साफ जाहिर है कि जनपद में किस हद तक मिलावटी पनीर की बिक्री की जा रही है। बेहतर यही होगा कि पनीर की खरीदारी सोच-समझकर करें।

## थाना गेट पर हूटर बजाती बिना नंबर थार सीज

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** थाना गेट पर थार खड़ी कर हूटर बजाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार को सीज कर दिया है। कार सवार नशे में की हालत में निकले, उन पर भी कार्रवाई की जा रही है।

घटना गुरुवार की है। एक काले की रंग की कार थाना गेट पर पहुंची। उसमें दो लोग सवार थे और नंबर भी नहीं लिखे थे। कार में हूटर बजाना शुरू कर दिया। काफी देर बाद भी जब हूटर बंद नहीं हुआ तो पुलिस पहुंची और सख्ती की। कार में सवार युवकों ने खुद को अलीगढ़ के थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र का रहने वाला बताया। दोनों नशे की हालत में थे। जब गाड़ी के कागजात और हूटर के बारे में सवाल किए गए तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर पुलिस ने सख्ती करते हुए कार को सीज कर दिया है। इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# शासन से घनघनाया फोन तब दौड़े डीआईओएस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में धनकुना के परीक्षा केंद्र के लिए शासन से फोन आते ही डीआईओएस मौके पर पहुंचे। सीसीटीवी जांच में परीक्षार्थी नियमों के अनुसार दूरी बनाकर बैठे नहीं मिले, जिसके बाद तुरंत सख्त कदम उठाए गए।

दो दिन पहले डीपी इंटर कॉलेज में दो कक्ष में परीक्षाएं चल रही थीं। जिसकी निगरानी शासन स्तर से हो रही है। इसी निगरानी के दौरान डीपी इंटर कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र से जुड़ी एक सूचना शासन तक पहुंची। सूचना मिलते ही शासन स्तर से अधिकारियों के फोन घनघनाने लगे और जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार सिंह तुरंत परीक्षा केंद्र की ओर रवाना हो गए। डीआईओएस के पहुंचते ही परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी की फुटेज खंगाली गई। जांच में यह बात सामने आई कि परीक्षा कक्ष में कुछ परीक्षार्थी निर्धारित मानकों के अनुसार दूरी बनाकर नहीं बैठे थे। एक बेंच पर तीन परीक्षार्थी बैठ गए थे। इस पर आपत्ति उठाई गई थी। इस पर उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक की फटकार लगाई। साथ ही मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईओएस ने तत्काल बैठने की व्यवस्था दुरुस्त कराई। इसके साथ ही संबंधित परीक्षा कक्ष में स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगा दी गई, ताकि पूरे समय सख्त निगरानी बनी रहे। केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो और सभी निर्देशों का पूरी तरह पालन कराया जाए। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शासन के कंट्रोल रुम से कॉल आई थी। परीक्षार्थी पास-पास बैठे हुए थे। नकल जैसी कोई समस्या नहीं थी। सुधार करा दिया गया था।

- **सीसीटीवी में चेक करने पर हुई जानकारी, कक्ष में लगाई स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी**

## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में टीकाकरण कर किया जागरूक

**मझोला, अमृत विचार :** स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती शिशु मंदिर में खसरा और रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत शिविर लगा। प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने शुरुआत कराई। बच्चों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों का टीकाकरण किया। एएनएम रीता देवी, आशा गीता देवी, माधुरी, ज्योति सक्सेना आदि मौजूद रहे। इस दौरान अभिभावकों को साफ-सफाई व पोषण के प्रति जागरूक किया।

### विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तराखंड के जिला उधम सिंह नगर के खटीमा की रहने वाली अनीसा ने गजरौला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि उनका विवाह सात साल पहले गजरौला क्षेत्र अमखिड़िया के संजीव कुमार से हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति संजीव, ससुर मदनलाल और सास हीराकली ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि तीन वर्षीय बेटी आराध्या को भी अपशब्द कहते हुए प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर उसे पीटकर घर से निकाल दिया। जिसके बाद समझौता हो गया तो वह ससुराल चली गई। मगर, आरोपियों ने दोबारा से मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। साथ ही बेटी को भी छीन लिया। पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने दिया धरना

## बोले: 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त किया जाए, गुरुवार दोपहर एक बजे के बाद बड़ी संख्या में एकत्र हुए



डीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे शिक्षक। ● अमृत विचार


बीएसए कार्यालय परिसर में धरना देतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में जिलेभर के परिषदीय शिक्षक, शिक्षिकाएं बीएसए कार्यालय में गुरुवार दोपहर एक बजे के बाद बड़ी संख्या में एकत्र हुए। शाम चार बजे तक सांकेतिक धरना दिया गया। इसके बाद कचहरी पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा गया। जिसमें टीईटी से मुक्ति दिलाए जाने की मांग को प्रमुखता से रखा गया।

जिलेभर के ब्लॉकों के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने टीईटी के विरोध में बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। शिक्षकों ने सांकेतिक धरना देकर कहा कि यह न्यायसंगत नहीं है कि 15 से 20 साल नौकरी करने के बाद टीईटी परीक्षा जिसका अस्तित्व ही 2011 से हुआ है। सभी पुराने शिक्षकों पर लागू कर दिया जाए। केंद्र सरकार को शिक्षकों के साथ न्याय करते हुए संसद में कानून बनाकर 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करना चाहिए। इस आदेश को लेकर शिक्षक ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इसका शिक्षक समाज पूरी तरह से एकजुटता के साथ विरोध कर रहा है। 2011 से पहले नियुक्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उस समय जो भी अर्ह योग्यता थी उसको पूरा करने के बाद ही शिक्षक नियुक्त किए गए थे। शिक्षकों का कहना है कि एक सितंबर 2025 से उच्चतम न्यायालय द्वारा सभी शिक्षकों पर टी ई टी की अनिवार्यता को जरूरी कर दिया गया है, जो कि शिक्षकों के साथ अन्याय है। टीईटी वापस लेने की मांग की गई। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दयाशंकर गंगवार ने कहा कि सभी शिक्षकों का शिक्षकों का सम्मान सर्वोपरि है। उनके सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लाल करन ने कहा कि शिक्षक अपने हकों को पाने के लिए लोगों को जागरूक करता है। उनके लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है। उसकी योग्यता पर प्रश्न चिन्ह लगाया जा रहा है, जो बिल्कुल उचित नहीं। सरकार इस कानून को वापस ले और शिक्षकों को उनका सम्मान वापस दिलाए। यूटा के जिला मंत्री मोहम्मद अकरम ने इस कानून को वापस लेने की सरकार से अपील की। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के भद्रपाल गंगवार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री उमेश गंगवार, विमल कुमार, नंद किशोर गंगवार, मियां मनाज़िर, अंकित भारती, चंद्रशेखर गंगवार, निरंजना शर्मा, देवेंद्र कन्हैया, सतेंद्र गंगवार, भद्र पाल गंगवार, निधि निगम, रश्मि तिवारी, अंकित भारती, नीरज पाल सिंह, जितेंद्र कुमार, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी, जिला मंत्री मोईन अहमद, जितेंद्र कुमार, रोहित कुमार, पुष्पेंद्र गंगवार, के के सागर, मीना, अर्चना राणा, मुनींद्र पाल सिंह, डॉली यादव, यूटा के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, हेमराज भारती आदि मौजूद रहे।

### कनपरी में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बिलसंडा, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानु की मांग पर गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम कनपरी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि 14 आभा आईडी, 55 एक्सरे, चार आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 20 लोगों की आरबीएस, 28 ब्लड प्रेशर की जांच हुई। 16 लोगों का वैक्सीनेशन कराया गया। डॉ. गुलनार जफर, डॉ. अहद दानियाल, सीएचओ शिखा, सृष्टि सिंह, कल्पना, शेर सिंह चौहान, मुकेश कुमार, आशा विरंचा देवी, गीता देवी, दिव्यांशी वर्मा, आंगनबाड़ी चन्द्रमुखी, लैब टेक्नीशियन अजीत, सोमवीर यादव, फार्मासिस्ट भूपेंद्र सिंह, शिवम, जुगुल किशोर, भाकियू भानु से धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, महेंद्र पाल गंगवार, दीनदयाल शास्त्री, राकेश प्रताप यादव, गया प्रसाद, अनिल शर्मा, लक्ष्मी कांत मौर्य, नन्हेलाल आदि मौजूद रहे।


शिविर में मरीजों की जांच करती टीम।

# 452 पीपीई किट, 30 आयुष्मान कार्ड बांटे

● केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने महिलाओं को मिली सिलाई मशीनें भी बांटीं

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड देते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा व अन्य।

**अमृत विचार:** नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना के तहत गांधी प्रेक्षागृह में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा रहे।

केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने सफाई कर्मचारियों के सम्मान सुरक्षा को संचालित नमस्ते योजना की जानकारी दी। कहा कि योजना के तहत अब तक 89248 सीवर सेप्टिक टैंक वर्कर्स का सत्यापन किया जा चुका है। 87037 सीवर सेप्टिक टैंक वर्कर्स को पीपीई किट्स प्रदान किए जा चुके हैं। 74647 वर्कस का आयुष्मान कार्ड के तहत स्वास्थ्य बीमा किया गया है। इसके अतिरिक्त देश में 187120 वेस्ट पिकर की प्रोफाइलिंग हुई है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 92 सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मी व 452 वेस्ट पिक्रस प्रोफाइलिंग में मान्य हो चुके हैं। इस दौरान 452 लाभार्थियों को पीपीई किट, 30 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड और कौशल विकास प्रशिक्षण पाने वाले 20 लाभार्थियों को सिलाई मशीन वितरित की गई। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी का कथन है कि स्वतंत्रता से भी महत्वपूर्ण है स्वच्छता। हमारे सफाई मित्र नगर को स्वच्छ बनाने में भरपूर सहयोग कर रहे है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, नगरपालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, एएसपी विक्रम दहिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, ईओ संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** न्यूरिया क्षेत्र के गांव अनवरगंज निवासी जगजीवन राम की ओर से कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसमें उसने कुछ माह पहले गांव के ही विजयपाल, रामपाल, धर्मपाल, सोमपाल और राहुल लाठी-डंडे व फावड़ा लेकर उनकी जमीन पर आ गए और वह पिलर लगाने लगे।

विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। वह जान बचाकर घर भागे, तो आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। बीच-बचाव करने आए मुन्ना लाल और गजेंद्र सिंह को भी पीटा। आरोप है कि घटना के बाद थाना न्यूरिया पुलिस से शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया। अब कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# कार पर पलटी गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली, बची जनहानि


कार पर पलटी गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली। ● अमृत विचार


हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

● बीसलपुर रोड पर आसाम चौराहे के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार:** बीसलपुर रोड पर आसाम चौराहे के पास बुधवार देर रात गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली नौगवां पकड़िया निवासी किसान नेता धर्मेंद्र सिंह चौहान की कार पर पलट गई।

हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि हादसे के वक्त कार के भीतर कोई मौजूद नहीं था। बताते हैं कि गन्ना लदी दो ट्रैक्टर-ट्रालियां बीसलपुर रोड पर एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में तेज रफ्तार से दौड़ रही थीं। इसी दौरान एक ट्रैक्टर चालक ने नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़ी कार पर पलट गई। हादसे के चलते मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने ओवलोडिंग पर रोकथाम लगाने की मांग की। इस दौरान करीब पौन घंटे तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने पहुंचकर वाहनों को हटवाया, तब जाकर आवागमन सुचारू हो सका।

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर के पेट्रोलियम व्यवसायी अधिवक्ता अमित जायसवाल की कार में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार अमित और उनके भांजे क्रिश सवार थे। वह एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बताते हैं कि टक्कर लगते ही एयरबैग खुल गए थे। जिसकी वजह से मामूली चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। चालक भी हत्थे चढ़ गया। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बिजली गुल होने से उपभोक्ता परेशान

**बीसलपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार रात को आपूर्ति घंटों ठप रहने से उपभोक्ता परेशान रहे। करीब एक माह से व्यवस्था चरमराई हुई है। कभी लोकल फाल्ट तो कभी ओवरलोड से ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं। जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज के पास स्थित ट्रांसफार्मर भी आए दिन फुंक जाताहैं। अवर अभियंता प्रमोद कुमार का कहना है कि आपूर्ति सुचारू रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। ओवरलोडिंग के चलते दिक्कत रही है।

# भूगोल व कृषि-भौतिकी के पेपर से 60 गैरहाजिर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**


परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरुवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं संपन्न हुईं। पहली पाली में हाईस्कूल के पंजाबी विषय और इंटरमीडिएट की कृषि भौतिकी व कृषि जंतु विज्ञान का पेपर कराया गया। दूसरी पाली में सिर्फ इंटर के भूगोल विषय का पेपर हुआ। पहली पाली में हाईस्कूल पंजाबी विषय के लिए कुल 10 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से नौ छात्र उपस्थित रहे और एक छात्र ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह इंटरमीडिएट की पहली पाली में कृषि भौतिकी एवं कृषि जंतु विज्ञान के लिए कुल 572 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 549 छात्र शामिल हुए। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट भूगोल विषय के पेपर में कुल 893 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 857 ने परीक्षा दी। जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न हुई। सचल दस्तों ने विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### दो केंद्रों पर कराई गई भूगोल की परीक्षा

पीलीभीत, अमृत विचार : जिले में गुरुवार को सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 की भूगोल विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। शहर के लायंस बाल विद्या मंदिर केंद्र पर भूगोल विषय के लिए कुल सात छात्र पंजीकृत थे और सभी छात्रों ने परीक्षा दी। वहीं, पूरनपुर क्षेत्र के लकी चिल्ड्रन जूनियर हाई स्कूल केंद्र पर कुल पांच छात्र पंजीकृत थे, वहां भी सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। दोनों ही केंद्रों पर भूगोल की परीक्षा के दौरान एक भी छात्र अनुपस्थित नहीं रहा।

# बाल कल्याण योजनाओं की जानकारी दी

● कलीनगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई शपथ

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**


कलीनगर तहसील में कर्मचारियों को शपथ दिलाते एसडीएम प्रमेश कुमार।

**अमृत विचार:** नगर पंचायत कलीनगर में वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। समिति सदस्यों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाई।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार गुरुवार को नगर पंचायत कलीनगर में वार्ड कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई। जिसमें संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर दने समिति सदस्यों को बताया गया कि समिति के माध्यम से जनपद के जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से अवगत कराना एवं लाभ प्राप्त करना है। परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह द्वारा चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया एवं दत्तक ग्रहण अभिकरण के बारे में जानकारी दी गई। सभी सदस्यों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई गई। इसके अलावा एसडीएम कलीनगर प्रमेश कुमार की अध्यक्षता में सभी कर्मचारियों बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ ली गई। केंद्र प्रशासिका तृप्ति मिश्रा द्वारा ग्राम देवीपुरा में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन से राहुल एवं संजय द्वारा विकासंड मरौरी के प्राथमिक विद्यालय कल्लिया, कंपोजिट विद्यालय संडा, बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। ग्राम बिलगवां में सुवर्णा पांडेय द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया और शपथ ली गई।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# पीटीआर: मॉक ड्रिल में आग बुझाने का किया अभ्यास

● माला रेंज में क्षेत्रीय वनाधिकारी के नेतृत्व में हुई फायर कंट्रोल मॉकड्रिल, बताए टिप्स

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**


माला रेंज में मॉक ड्रिल के दौरान आग बुझाने का अभ्यास करते वनकर्मी।

**अमृत विचार:** गर्मी के सीजन में जंगलों में लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए वन महकमा अलर्ट हो गया है। फायर सीजन को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही है। कंट्रोल रूम की स्थापना की जा चुकी है। सभी रेंजों में आग पर काबू करने के लिए फायर कटिंग का कार्य चल रहा है। इधर जंगल में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए माला रेंज में फारेस्ट फायर कंट्रोल मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान वनकर्मियों ने जंगल में लगी पर काबू पाने के तौर-तरीकों का अभ्यास किया। वहीं वन अफसरों ने वनाग्नि के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

गर्मी में सूखे पत्तों से भरे जंगलों में आग की एक छोटी से चिंगारी भी भीषण रूप धारण कर लेती है। जंगलों में लगने वाली से केवल वन संपदा ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों की भी मौत हो जाती है। जंगलों में 15 फरवरी से 15 जून तक फायर सीजन रहता है। इस दौरान जंगलों में आग की घटनाएं अकसर प्रकाश में आती रहती है। जंगलों में लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं। पीटीआर के प्रभारी डीएफओ भरत कुमार डीके के निर्देश के बाद सभी रेंजों में आग से बचाव के संबंधित कार्य तेजी से चल रहे हैं। मुख्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना के साथ कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। पीटीआर की महोफ रेंज, माला, दियोरिया, हरीपुर एवं बराही रेंज में फायर लाइन कटिंग का कार्य चल रहा है। वन अफसरों के मुताबिक फायर लाइन कटिंग के बाद कंट्रोल बर्निंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ताकि जंगल में आग लगने पर उस पर तत्काल काबू में किया जा सके।

इधर प्रभारी डीएफओ के निर्देश पर गुरुवार को माला रेंज में क्षेत्रीय वनाधिकारी रॉबिन सिंह की देखरेख में फारेस्ट फायर कंट्रोल मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान वनकर्मियों में जंगल में लगी आग पर काबू पाने का अभ्यास किया। क्षेत्रीय वनाधिकारी ने वनकर्मियों को वनाग्नि के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से रूबरू कराया। मॉक ड्रिल के दौरान माला रेंज का स्टाफ मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूल के बच्चों ने वार्षिकोत्सव में मचाई धूम


कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय सिरसा में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सुंदर सुंदर भजनों पर अपनी प्रस्तुति दी। कक्षा आठ के बच्चों को फेयरवेल पार्टी भी दी गई। प्रधानाध्यापिका रेखा रानी गिराह ने सभी को उपहार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर अनुराधा जोहरी, साधना सक्सेना, मिथलेश गंगवार, मोहम्मद वली खां, नाजिया अली तबस्सुम, अर्शी इकबालआदि मौजूद रहे।

# होली आते ही बाजारों में उमड़ने लगी भीड़, समस्या बना जाम

## शहर में कई मार्गों पर निकलना हो रहा दूभर, पुलिस ने बढ़ाई ड्यूटी, छह स्थानों पर सिपाही-होमगार्ड्स किए गए तैनात



**इफ्तार**
शुक्रवार
सुन्नी : 6:09
शिया : 6:11

**सहरी**
शनिवार
सुन्नी : 5:06
शिया : 5:08

**न्यूज ब्रीफ**

### सेमरई में श्रीराम महायज्ञ कन्या भोज आज

**केशवापुर, अमृत विचार :** सदर ब्लाक के सेमरई गांव में दुर्गा मां के मंदिर पर श्रीराम महायज्ञ में यज्ञाध्यक्ष शिवशरण मिश्र ने हवन-पूजन कराया। खुटार शाहजहांपुर के कथा व्यास विभू तिवारी ने श्री रामचरितमानस के महत्व को सुनाया। कोटरा नीमगांव के कथाव्यास पं. मर्दुलेश अवस्थी ने राम नाम की महिमा को श्रोताओं को सुनाया।आयोजकों ने बताया कि आज शुक्रवार इस अनुष्ठान की पूर्णाहुति के साथ कन्याभोज कराया जायेगा।

### मारपीट में मां, बेटी घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बहेरवा निवासी शिवानी पुत्री पप्पू ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 25 फरवरी सुबह सात बजे वह घर में झाड़ू लगा रही थी। तभी गांव निवासी सागर, मजनू पुत्र कृपाल, विजय पुत्र रमेश और कृपाल पुत्र जगमोहन हाथों में लाठी डंडा लेकर आए और गालियां देने लगे। विरोध किया तो उसे मारा पीटा। मां बीच बचाव को आई तो उन्होंने उसे भी पीटा।



लखीमपुर शहर में सदर चौराहे से मां संकटा देवी मंदिर मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- त्योहार पर भी पुलिस जाम से नहीं निपट पा रही

**अमृत विचार:** होली का त्योहार करीब आते ही बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी है, जिससे जाम लगने लगा है। हालांकि पुलिस ने भी जाम वाले स्थानों को चयन कर छह जगह नई तैनाती की है। इन स्थानों पर होमगार्ड्स व सिपाहियों की तैनाती की है। साथ ही अधिकारियों को भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी ओर रोडवेज बस अड्डे पर जाम से बचाव के लिए भी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

तीन और चार मार्च को होली है। इसको देखते हुए बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। ग्रामीण इलाकों से भी खरीदार आने लगे हैं। इससे शहर की मेन रोड, संकटा देवी चौराहा से लेकर सदर चौराहा तक, हीरालाल धर्मशाला चौराहा, रेलवे स्टेशन के सामने और मेला मैदान चौराहे पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के सामने ओवरब्रिज से संकटा देवी चौराहे तक कई बार जाम लगा। इसी तरह मेला मैदान चौराहा से इमली चौराहे की ओर, हीरालाल धर्मशाला चौराहे से सदर चौराहा व हमदर्द चौराहे तक दोपहर बाद जाम लगता रहा। वर्तमान में 15 स्थानों पर यातायात पुलिस की ड्यूटी रहती है। सीओ सिटी विवेक तिवारी ने बताया कि त्योहार के कारण भीड़ बढ़ेगी। इसके मद्देनजर उन्होंने जाम लगने वाले छह स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस ड्यूटी लगा दी है। साथ ही वह खुद और प्रभारी निरीक्षक भ्रमणशील रहकर चेकिंग करते रहेंगे। इसके अलावा एकल मार्ग व्यवस्था को पहले से अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। सड़कों पर वाहन खड़े करके खरीदारी करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। शहरवासियों से भी अपील है कि बाजार में चौपहिया और दुपहिया वाहन ले जाने से बचें और यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करें।

> होली पर बाजारों में भीड़ बढ़ने पर यातायात व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त जवानों को भी तैनात किया जाएगा। साथ ही पुलिस अधिकारी पेट्रोलिंग कर चेकिंग करते रहेंगे। जनमानस से भी सहयोग की अपेक्षा है।
> -डॉ. ख्याति गर्ग, एसपी।

**इन स्थानों पर रहेगी अतिरिक्त ड्यूटी**

- हमदर्द चौराहा से सदर चौराहा
- हीरालाल धर्मशाला और रेलवे स्टेशन के सामने ओवरब्रिज के पास
- मेला मैदान चौराहा
- संकटा देवी चौराहा से सदर चौराहा
- रोडवेज बस अड्डे के सामने
- सौजन्या चौक व डॉन बास्को के पास

## गोला के बाजारों में होली की रौनक, दुकानदारों के खिले चेहरे



गोला में अलीगंज रोड पर लगी जाम। ● अमृत विचार



गोला में अलीगंज रोड पर दुकान से कचरी, पापड़ खरीदते लोग। ● अमृत विचार



गोला में नानक पुलिस चौकी के पास रोड तक लगी दुकानें और खड़े ई रिक्शा।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- ग्रामीणों की आवक अधिक होने से लगने लगा जाम

होली के त्योहार को लेकर यहां की बाजारों में रौनक है। इससे जहां दुकानदारों के चेहरे खिले हैं, वहीं सड़कों पर जाम लग रहा है। होली के त्योहार को अब पांच दिन शेष हैं, जिसके चलते नगर के सभी प्रमुख मार्गों, मेला मैदान, तीर्थ बाजार में रौनक देखने को मिल रही है। साथ ही दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी दिख रही है।

नगर की सब्जी मंडी, लखीमपुर रोड, मोहम्मदी रोड, खुटार रोड, अलीगंज रोड सहित मोहल्ले में स्थित दुकानों में होली के त्यौहार की रौनक देखने को मिल रही है, वहीं अब पिचकारी से लेकर होली के सामान के लिए भी बाजार में लोग खरीदारी करने में जुटे हैं। होली और रमजान के चलते बाजार में पूरे दिन चहल पहल रहती है। व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में बिक्री और बढ़ेगी। होली और रमजान का त्योहार साथ में होने के चलते दुकानदारों ने आवश्यक सामग्री मंगाकर दुकानों पर सजा दी है। दुकानों पर बादाम, काजू, चिप्स और पापड़ का स्टॉक लग गया है। थोक और फुटकर किराना व्यापारी अजय तिवारी, रवींद्र वर्मा, नितेश शुक्ला, रजनीश वर्मा आदि का कहना है कि होली और रमजान में बिक्री में अभी और इजाफा होगा। नानक चौकी के निकट दुकान लगाएं पिचकारी के विक्रेता रमेश, हरिओम गुप्ता का कहना है कि इस बार का सीजन पिछले कुछ वर्षों की तुलना में अधिक फायदेमंद साबित होगा। वहीं नगर के सभी प्रमुख चैराहों, तिराहों पर जाम की स्थिति भी बन रही है। जाम में राहगीर, छोटे-बड़े वाहन चालक, दुकानदार और स्कूली बच्चे फंसकर परेशान हो रहे हैं।

# महिला की मौत, इलाज में लापरवाही का आरोप

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मितौली क्षेत्र के गांव तेंदुआ की रहने वाली थी महिला

**अमृत विचारः** थाना मितौली क्षेत्र के गांव तेंदुआ अपने मायके में करीब 15 दिनों से रह रही एक महिला की बुधवार की शाम सीएचसी मितौली में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की बड़ी बहन ने ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर घर से भगाने और इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। गांव तेंदुआ निवासी सतीश ने अपनी 22 वर्षीय बेटी सोनी की शादी करीब डेढ़ साल पहले थाना खीरी क्षेत्र के गांव पहाड़ खां पुरवा निवासी महेश के बेटे अंकित उर्फ सुलेन्द्र के साथ की थी। बताते हैं कि सतीश ने अपनी हैसियत के अनुसार बेटी को दान दहेज दिया था, लेकिन ससुराली मिले दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। ऐसे में आए दिन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इसी बीच करीब एक माह पहले सोनी ने एक पुत्री को जन्म दिया। बड़ी बहन अनामिका ने बताया कि पुत्री का जन्म होने के बाद ससुराली सोनी को और प्रताड़ित करने लगे। उसका ठीक से उपचार भी नहीं करा रहे थे। इससे पिता सोनी को घर ले आए थे। बुधवार को सोनी तबीयत खराब हुई और सीएचसी मितौली में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# गन्ना भुगतान को लेकर चीनी मिल पर किसानों का फूटा गुस्सा, प्रदर्शन

- गोष्ठी का बहिष्कार, भुगतान न होने, महंगे बीज और आधार कार्ड की शर्त पर भड़के किसान

संवाददाता, संपूर्णानगर



विरोध प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार



गोष्ठी में खाली पड़ीं कुर्सियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्थानीय किसान सहकारी चीनी मिल में गुरुवार को आयोजित किसान गोष्ठी उस समय हंगामे में बदल गई। जब बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने गोष्ठी का विरोध करते हुए बहिष्कार कर दिया। किसानों ने गन्ना भुगतान में देरी, महंगे बीज और नई शर्तों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया।

किसानों का आरोप था कि गोष्ठी की सूचना अधिकांश किसानों को नहीं दी गई और केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही बुलाया गया। उन्होंने मुख्य गन्ना अधिकारी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि गोष्ठी पारदर्शी तरीके से आयोजित नहीं की गई। किसानों ने यह भी कहा कि मीडिया को भी कार्यक्रम से दूर रखा गया, जिससे शंकाएं और बढ़ गईं। गन्ना भुगतान को लेकर किसानों में खासा रोष देखने को मिला। किसानों का कहना था कि होली का त्यौहार नजदीक है और गन्ने की बुवाई का समय भी चल रहा है, लेकिन चीनी मिल की ओर से अब तक भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में किसानों को महंगे दामों पर गन्ना बीज खरीदना पड़ रहा है, साथ ही खाद, दवाई और मजदूरों की मजदूरी का खर्च भी उठाना है। भुगतान न होने से आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। आरोप लगाया कि मिल प्रबंधन गन्ना बीज को महंगे दामों पर उपलब्ध करा रहा है। किसान नेता जगपाल सिंह ने कहा कि हाल ही में मिल की ओर से यह निर्देश जारी किया गया है कि गन्ना तुलवाने के समय किसान आधार कार्ड की प्रति साथ लाएं। किसानों ने इस शर्त का विरोध करते हुए कहा कि यदि आधार कार्ड से किसी प्रकार का दुरुपयोग या धोखाधड़ी होती है तो इसकी जिम्मेदारी मिल प्रशासन को लेनी चाहिए। कई किसान बाहर प्रदेशों में रहते हैं या जमीन महिलाओं के नाम है, ऐसे में हर बार आधार कार्ड की प्रति उपलब्ध कराना व्यावहारिक नहीं है। किसानों के विरोध के दौरान गोष्ठी स्थल पर रखी कुर्सियां खाली हो गईं और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाद में अधिकारियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, जिसके बाद किसी तरह गोष्ठी की औपचारिकता पूरी की गई। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र गन्ना भुगतान नहीं किया गया और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आगे और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# शिव मंदिर कॉरिडोर: वीआईपी मार्ग के चौड़ीकरण पर सख्ती

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



कार्यदायी संस्था के लोगों से नक्शे को समझतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

- सात दिन में हो कार्य प्रगति, फिर चेक करने आएंगी डीएम

**अमृत विचारः** निर्माणाधीन छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर के कार्यों की प्रगति परखने गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कॉरिडोर के बाहर नालों के चौड़ीकरण, मंदिर परिसर में समतलीकरण और वीआईपी मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर सख्ती दिखाई। उन्होंने कहा कि सात दिन में ये कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए। सात दिन बाद वह फिर चेक करेंगे। इस दौरान विधायक अमन गिरि व पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कॉरिडोर जनआस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। विधायक अमन गिरि ने भी कार्यों में तेजी लाने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर में जल निकासी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पाई गई। इस पर डीएम ने नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ को जलभराव की समस्या से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कॉरिडोर में नवनिर्मित मंदिरों में पुराने मंदिरों की मूर्तियों की स्थापना का कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा कराने को कहा गया। मंदिर परिसर में समतलीकरण का कार्य आगामी सात दिनों में पूर्ण कराने की हिदायत दी गई, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा न हो। कॉरिडोर से जुड़े वीआईपी मार्ग के चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि मार्ग चौड़ा होने से यातायात सुगम होगा और तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर के बाहर स्थित नालों के चौड़ीकरण के लिए जल निगम एवं लोक निर्माण विभाग को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी सहित नगर पालिका, जल निगम, लोक निर्माण विभाग एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य कैंप में 300 लोगों ने उठाया लाभ

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर के एक हॉस्पिटल संचालक डॉ. कौशल वर्मा ने ग्राम पंचायत भैठिया स्थित हॉट बाजार में शिविर लगाकर 300 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी हैं। शिविर में नेत्र, बीपी, शुगर, रक्त, हीमोग्लोबिन, हड्डियों की जांच के साथ दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं, जिसमें क्षेत्र के कई गांवों के 300 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ पाया है। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज प्रताप सिंह, ज्ञानचंद, इं अभिषेक वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, कैलाश वर्मा, सुशील वर्मा, करन मौर्य, आशीष पटेल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बुजुर्ग को बचाने के प्रयास में पलटी गन्ना भरी ट्राली



लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर पलटी गन्ना भरी ट्राली। ● अमृत विचार

संवाददाता, मूड़ा सवारान

- लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर हुआ हादसा, चालक सुरक्षित


**अमृत विचारः** लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर पड़रिया तुला कस्बे में गुरुवार की शाम लखहा गांव से गुलरिया चीनी मिल जा रही गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली एक बुजुर्ग को बचाने के प्रयास में पलट गई। इस घटना में चालक सुरक्षित बच गया, हालांकि लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर गन्ना बिखर जाने से कुछ समय यातायात बाधित रहा।

किसान प्रेम प्रकाश अपनी गन्ने से लदी ट्रॉली लेकर कस्बे के पास से गुजर रहा था। अचानक सामने एक बुजुर्ग के आ जाने पर चालक ने उन्हें बचाने के लिए तेजी से ब्रेक लगाई। इससे गन्ने से भरी ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह राजमार्ग पर पलट गई। दुर्घटना के बाद सड़क पर गन्ना बिखर गया, जिससे सड़क पर जाम लग गया। सूचना मिलने पर पड़रिया तुला चौकी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने सबसे पहले जाम खुलवाने और यातायात को सामान्य करने का प्रयास किया, जिसके बाद पलटी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली को हटाने का काम शुरू किया गया। कुछ समय तक आवागमन बाधित रहने से गन्ना लदे वाहनों और बाजार जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि कस्बे में अक्सर बुजुर्गों को सड़क पार करने में दिक्कत होती है, इसलिए यहां स्पीड ब्रेकर या चेतावनी बोर्ड लगाए जाने चाहिए।

**आस्था** श्रद्धालुओं के लिए बनेगी आकर्षण का केंद्र बन रही शिव की नगरी

# सप्त ऋषियों के साथ लगाई जा रहीं शिव की मूर्ति

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



रिटेनिंग वॉल पर भोलेनाथ की प्रतिमा के साथ सप्त ऋषियों की मूर्ति लगाते कारीगर।

- छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर निर्माण का कार्य प्रगति पर

**अमृत विचारः** छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर में निर्माण का कार्य प्रगति पर है। मुख्य प्रवेश द्वार के निकट बनी रिटेनिंग वॉल पर भगवान भोलेनाथ की भव्य प्रतिमा के साथ सप्त ऋषियों की मूर्ति लगाई जा रही है, जो श्रद्धालुओं, पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर निर्माण में रिटेनिंग, बाउंड्रीवॉल, तीन मंजिला दो यात्री हाल, 108 स्तंभों पर टिकने वाला परिक्रमा पथ का निर्माण उस पर राजस्थान से आए सीएनसी पत्थर लगाए जाने के साथ गोकर्ण परिक्षेत्र की गलियों में कोबाल् स्टोन लगाए जाने, कानपुर धर्मशाला में कैफेटेरिया, कनड्यूट लाइट्स आदि कार्य होने के साथ ही स्टेशन रोड स्थित मुख्य प्रवेश द्वार के निकट बनी रिटेनिंग वॉल पर गुरुवार को भगवान भोलेनाथ की भव्य प्रतिमा के साथ सप्त ऋषियों की मूर्ति लगाई जा रही है। रिटेनिंग वॉल पर भगवान भोलेनाथ, आदि गुरु शंकराचार्य, सप्त ऋषियों की भव्य मूर्तियां लगने से पौराणिक शिव मंदिर की भव्यता बढ़ेगी और दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक पौराणिक कथाओं, आध्यात्मिक रूप से जुड़ सकेंगे।

शिव मंदिर कॉरिडोर बन जाने के बाद नगर को एक नई पहचान मिलने के साथ ही धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# जमानत पर छूटे आरोपियों पर धमकाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 2019 में गोली मारकर हुई थी युवक की हत्या

**अमृत विचारः** थाना मैगलगंज क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी मुन्नेलाल हत्याकांड में जमानत पर छूटे आरोपियों पर पीड़ित परिवार और गवाहों को धमकाने का आरोप है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव अलियापुर निवासी विजय प्रकाश शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2019 में उनके बड़े भाई मुन्नेलाल शुक्ला की गांव के ही शुभम शुक्ला, सत्यम शुक्ला, अंशुल शुक्ला और श्रवण शुक्ला ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सभी आरोपियों के खिलाफ मैगलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है और गवाही की प्रक्रिया चल रही है। आरोप है कि जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपी पक्ष लगातार मुकदमे में सुलह-समझौते का दबाव बना रहा है। साथ ही गवाहों को डरा-धमकाकर बयान बदलने के लिए बाध्य करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपियों द्वारा कई बार बाहरी व्यक्तियों को साथ लेकर घर के आसपास गुटबंदी की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने आशंका जताई है कि आरोपी किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई राणा प्रताप सिंह को सौंपी है।




स्व. रविकांत शर्मा
(एडवोकेट)

**दसवां संस्कार/त्रयोदशी/श्राद्ध**

मेरे पूज्य पिताजी **श्री रविकांत शर्मा (एडवोकेट)** का आकस्मिक गोलोकवास दिनांक 17.02.2026, दिन मंगलवार को हो गया। जिनका दसवाँ संस्कार दिनांक 27.02.2026, दिन शुक्रवार को अपराह्न 03:00 बजे से 04:00 बजे तक स्थान :- राम स्वरूप बाग, निकट गढ़ी, पुलिस चौकी में सम्पन्न होगा। **त्रयोदशी/श्राद्धः**- दिनांक 28.02.2026, शनिवार, ब्रह्मभोज :- अपराह्न 12:30 बजे, प्रसादी:- अपराह्न 01:00 बजे, स्थान :- निज निवास, 78, सिद्धार्थ नगर, निकट हार्ट मैन कॉलेज रोड, बरेली।

**शोकाकुल परिवार :-**
पत्नी श्रीमती अनीता शर्मा, पुत्र प्रियंक कांत वशिष्ठ, मयंक कांत वशिष्ठ, भाई :- शशि कांत शर्मा एडवोकेट, शचि कांत शर्मा, शरद कांत शर्मा, (पूर्व प्रधानाचार्य श्री विष्णु इण्टर कालेज) कमल कांत शर्मा, नवनीत कांत शर्मा एडवोकेट। भतीजे सुरेश चन्द्र शर्मा, नीरज, नितिन,शान्त, रितेश,प्रियदर्शी हिमांशु वशिष्ठ एडवोकेट हाई कोर्ट, समग्र, शुभम शुभांकर, शुभ्रम शोभनम, अर्पित, प्रफुल्ल
**एवं समस्त वशिष्ठ परिवार**
मो. 9411920098, 9456625579, 9410404091

अमृत विचार
बरेली, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
खीरी

## पिकअप की टक्कर से किशोर की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** कोतवाली गोला क्षेत्र की नानक चौकी के आगे अपने दो बच्चों और पत्नी के साथ ससुराल से बाइक पर सवार होकर खुटार स्थित घर लौट रहे परिवार को पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में किशोर की मौत हो गई, जबकि पत्नी और एक बच्चा और युवक घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शाहजहांपुर जिले के थाना खुटार क्षेत्र के खुटार निवासी कलीम मंगलवार को गोला अपनी ससुराल आए थे। बताते हैं कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे वह अपने 10 वर्षीय बड़े बेटे हसनेन, छह वर्षीय हसन और पत्नी के साथ बाइक से घर वापस लौट रहे थे। नानक चौकी के आगे पिकअप की टक्कर से हसनेन की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। हसन की हालत गंभीर होने डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया, जबकि पत्नी और कलीम का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा हे।

# कालीचरण की तलाश में उतारा डॉग स्क्वायड

## 15 दिनों से लापता है जहाननगर निवासी कालीचरण, गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म, पुलिस अलर्ट

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के जहाननगर गांव निवासी कालीचरण के रहस्यमय तरीके से लापता होने के 15 दिन बाद पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। गुरुवार दोपहर सीतापुर से पहुंची डॉग स्क्वायड और फील्ड यूनिट की टीम ने गांव में कई संदिग्ध स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। खेत, बाग, खाली पड़े मकान और आसपास के इलाकों को बारीकी से खंगाला गया, लेकिन कालीचरण का कोई सुराग नहीं लग सका है।

औरंगाबाद पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव जहाननगर निवासी कालीचरण (48) 12 फरवरी की रात संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक लापता हो गए थे। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने एक महिला पर घर बुलाने का आरोप लगाते हुए डीएम और एसपी को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की थी। मामले में कार्रवाई न होने से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने कुछ दिन पूर्व मैगलगंज थाने का घेराव भी किया था। पुलिस ने उन्हें जल्द बरामदगी का आश्वासन दिया था, जिसके बाद अब सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। गुरुवार को डॉग स्क्वायड टीम ने सबसे पहले कालीचरण के घर और आसपास के मकानों में जांच की। इसके बाद टीम सरदार धर्म सिंह के झाले पर पहुंची, जहां डॉग रोली ने क्षेत्र में सूंघकर संभावित सुराग तलाशने की कोशिश की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लग सकी थी। पुलिस ने कालीचरण की तलाश में पम्पलेट भी छपवाए हैं और सर्विलांस टीम को सक्रिय कर दिया है। मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है। सर्च ऑपरेशन के दौरान डॉग स्क्वायड टीम से शिव प्रताप मौर्या, सहायक सचिन कुमार और डॉग रोली मौजूद रहे। फोरेंसिक टीम में परविंदर चौधरी, प्रभात और मनोज कुमार शामिल रहे। चौकी


फार्म हाउस पर छानबीन करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

● **जहाननगर गांव से 15 दिन से रहस्यमय तरीके से लापता है कालीचरण, पुलिस हुई सक्रिय**

प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं गांव में कालीचरण की गुमशुदगी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं और परिजन अब भी उनके सुरक्षित लौटने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।


बोरिंग के पास घूम रही डॉग रानी। ● अमृत विचार

## श्री हरिद्वारी वैश्य समिति पीड़ित का बनी सहारा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** श्री हरिद्वारी वैश्य समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने अपने सदस्यों और पदाधिकारियों के सहयोग से समाज के पीड़ित को इलाज के लिये आर्थिक मदद भेजी है।

नगर के मोहल्ल सर्वादय नगर बांकेगंज रोड निवासी आशीष कुमार गुप्ता का एक्सीडेंट 22 नवंबर 2022 को हुआ था, जिसमें वह गंभीर घायल हो गए थे। जिनका इलाज दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल मे चल रहा है। पीड़ित ने समिति के पदाधिकारियों सहित सदस्यों से अनुरोध किया कि पूर्व में इलाज में आप सभी ने जो सहयोग मुझे दिया है, उसका शुक्रगुजार हूं। अब अंतिम ऑपरेशन का खर्चा करीब एक लाख 80 हजार रुपए का है, जो आयुष्मान कार्ड से प्राप्त हो जाएगा। ऑपरेशन में लगने वाले इंजेक्शन और दवाइयां बाहर से लिखी गई है। जिसका खर्च करीब 5200 रुपए है, जिसके लिए मैं असमर्थ हूं।


दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती आशीष गुप्ता। ● अमृत विचार

● **इलाज के लिये आर्थिक मदद को आगे आए समाजसेवी**

समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस प्रकरण का संज्ञान में लेते हुए समिति अध्यक्ष की अगुआई में पदाधिकारियों द्वारा एकत्र किये गये 5200 रुपए की सहायता राशि पीड़ित के खाते में बार कोड के माध्यम से भेज दी गई है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित आशीष कुमार गुप्ता की पूर्व में भी कई बार धनराशि के रूप में आर्थिक सहायता की जा चुकी है।

## पिकअप की टक्कर से युवक गंभीर घायल

संवाददाता, मझगई

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव मुर्गहा निवासी खजांची लाल के घर बुधवार को मुंडन संस्कार का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में शामिल होने आई गुलरा गांव की जलिया देवी को खजांची लाल गुरुवार सुबह बाइक से उनके गांव छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में खजांची लाल का दाहिना पैर टूट गया। बाइक पर सवार जलिया देवी को हल्की चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-

● **मझगई क्षेत्र में तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह**

तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए सीएचसी पलिया भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद खजांची लाल की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का धरना, टीईटी अनिवार्यता का विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) अनिवार्य किए जाने के विरोध में गुरुवार को बीएसए कार्यालय परिसर में शिक्षकों ने धरना-प्रदर्शन किया। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आयोजित धरना-प्रदर्शन में जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी, ब्लॉक प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। शिक्षकों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार मुकेश कुमार को सौंपा।

सुबह से ही शिक्षक बीएसए कार्यालय परिसर में एकत्रित होने लगे। हाथों में मांगों से जुड़े बैनर और तख्तियां लिए शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जताई। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों ने उस समय लागू नियमों एवं चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अपनी सेवाएं प्राप्त की थीं। ऐसे में वर्षों बाद उन पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि उनके अधिकारों का हनन भी है। शिक्षिका प्रतिभा यादव ने कहा कि पुराने शिक्षकों ने लंबे समय तक विद्यालयों में सेवाएं दी हैं और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है।

उन्होंने कहा कि सेवा में रहते हुए नई शर्त लागू करना न्यायोचित नहीं है। सरकार को चाहिए कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से पूर्ण रूप से मुक्त किया जाए। वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक संगठनों ने पहले भी इस संबंध में शासन-प्रशासन को अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और व्यापक किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी। अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि टीईटी को पूर्व प्रभाव से लागू करना उचित नहीं है। शिक्षकों ने यह भी मांग की कि इस संबंध में स्पष्ट शासनादेश जारी कर भ्रम की स्थिति समाप्त की जाए। धरने के अंत में शिक्षकों ने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से छूट देने की मांग की गई। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन शिक्षकों ने साफ कर दिया कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।


प्रभारी तहसीलदार मुकेश कुमार को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।



बीएसए कार्यालय गेट पर प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

● **2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को छूट देने की मांग, आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## गन्ने की उन्नत खेती करने की विधियां बताईं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि चीनी मिल के अधिकारियों ने क्षेत्र के गांव गनेशपुर में किसान मेला एवं गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को उननतिशील खेती करने के लिये प्रेरित किया।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोश मधुकर ने बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में कृषकों को उन्नतशील गन्ना प्रजातियाँ को० 0118, 15023 एवं कोलख० 14201 तथा निचले क्षेत्र के लिए को० 98014 व कोलख० 94184 की बुवाई करने हेतु प्रेरित किया। हरियाणा 119, कोशा० 91269 एवं पीबी० 95 जैसी अनामित व अस्वीकृत प्रजातियों की बुआई कदापि न करने की सलाह दी। डॉ. सरनाम सिंह ने सन्तुलित खाद एवं वैज्ञानिक विधि से खेती के तरीके बताये।

डॉ. प्रदीप बिसेन ने कीट, बीमारी से बचाव के यांत्रिक, जैविक एवं रासायनिक तरीकों को विस्तार से बताया। वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने किसानों को गन्ना बुवाई के समय बीज के चुनाव में सावधानी बरतने तथा बीज के रूप में गन्ने के ऊपरी दो तिहाई हिस्से की बुवाई करने तथा 04 फिट की दूरी पर ट्रेंच विधि से गन्ना बोने से होने वाले लाभ की जानकारी दी।

साथ ही यह भी बताया कि मिल गेट एवं क्रय केन्द्रों पर खुली खरीद की जा रही है, जिन कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना अवशेष है, वह अपना गन्ना मिल गेट/क्रय केन्द्रों पर अपना कोड नं. देकर पर्ची प्राप्त कर गन्ना आपूर्ति कर लें। गन्ना समिति के उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, संचालक श्याम सिंह, संजय सिंह, योगेश वर्मा, पूर्व संचालक वीरेन्द्र वर्मा, प्रगतिशील कृषक राजेन्द्र शर्मा, सहायक महाप्रबन्धक गन्ना ओडी शर्मा, प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र, संजीव चौधरी सहित मिल व समिति के गन्ना विकास कार्यकर्ता, किसान मौजूद रहे।


गनेशपुर की गोष्ठी में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

● **स्वीकृत प्रजाति का ही गन्ना बोने पर जोर**

## बेटी बचाओ पर हुए कार्यक्रमों ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** तिकुनिया स्थित आरएन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने बेटी बचाओ और महाभारत पर आधारित कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान जगतार सिंह ने फीता काटकर किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रथम प्रस्तुति गणेश वंदना रही, जिसे सिता साह के निर्देशन में तैयार किया गया था और इसने सभी को भावविभोर कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय अवस्थी एवं उपप्रधानाचार्य विक्रांत दीक्षित द्वारा कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा तैयार की गई। मंच संचालन सलमान इदरीशी ने किया। कभी तू छलिया लगता है पर नृत्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर आधारित नृत्य-नाटिका, गिद्दा नृत्य, छोटे-छोटे सपने तथा महाभारत पर आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल प्रबंधक शिव कुमार गर्ग के साथ उनके छोटे भाई अजय गर्ग व परिवार के सदस्य शुभम गर्ग और कार्तिक भी मौजूद रहे। प्रबंधक शिव कुमार गर्ग ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजनों का संकल्प दोहराया। इस दौरान शशांक दीक्षित, शैलेश शुक्ला, अर्चना शाक्य, अपराजिता मौर्य, सृष्टि गुप्ता, दीक्षा शर्मा सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।


मां सरस्वती वंदना पेश करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

● **आरएन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न**

## मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव बरगिउया में हुई मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की आठ के नामजद सहित कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

क्षेत्र के गांव बरगदिया निवासी मंजू देवी पत्नी शिवशंकर लाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 24 फरवरी मंगलवार की शाम विपक्षी गांव निवासी रामकुमार उर्फ गुड्डू, सूरज, सुशील, मुन्ना पुत्र रामस्वरूप धारदार हथियार लेकर पुरानी रंजिश के चलते उसके घर में घुस आये। गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। घर से उनके पति को भी उठाकर बाहर ले गए, मारा पीटा, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए हैं। आरोप है कि विपक्षियों ने उनको धमकाते हुए कहा जैसे उनके बड़े बेटे को नहर में डुबोकर मारा है, वैसे ही उन्हें भी मार देंगे। चार नामजद सहित अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## भाईचारे के साथ मनाएं होली, जबरदस्ती रंग किसी को न लगाएं

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचारः** गुरुवार शाम थाना परिसर में होली, रमजान और गुरमत समागम को लेकर समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने की। इसमें भानपुरी, खजुरिया, गोविंदनगर, रानीनगर, कृष्णानगर, विशेनपुर सहित विभिन्न ग्राम प्रधानों व सम्पूर्णानगर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में 42 स्थानों पर होलिका दहन का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्थल पर विवाद की आशंका हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सभी समुदायों से अपील की गई कि होली, रमजान और गुरुद्वारा में होने वाले गुरमत समागम को आपसी सहयोग और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी पर जबरदस्ती रंग न लगाया जाए। यदि बच्चों द्वारा अनजाने में रंग लगा भी दिया जाए तो उसे आपसी समझदारी से लें। बैठक में उपस्थित लोगों ने होली के दौरान सड़कों पर तेज रफ्तार, बुलेट बाइकों से पटाखे जैसी आवाज निकालने, ट्रैक्टर पर बड़े साउंड सिस्टम लगाने और बाइक पर चार सवारी बैठाकर घूमने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। इस पर थाना प्रभारी ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और किसी प्रकार की सिफारिश स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में दरोगा अवधेश रावत, अमर पाल, किरनपाल के अलावा व्यापार मंडल अध्यक्ष इस्तियाक खान, महामंत्री कुलदीप बरार, इंद्रजीत सूरी, प्रभुनाथ, कमरुद्दीन कादरी, अब्दुल बहाव, जितेंद्र यादव, विनीत जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


थाना संपूर्णानगर में बैठक को संबोधित करते थाना प्रभारी कृष्ण कुमार।


थाना सिंगाही में बैठक को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह।

● **तेज रफ्तार और हुड़दंग पर सख्ती के निर्देश**

### शराब पीकर हुडदंग किया तो खैर नहीं

**सिंगाही , अमृत विचार :**सिंगाही थाना परिसर में भी रंगों के पर्व होली और रमजान ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर मनीष कुमार सिंह ने की। इंस्पेक्टर ने बताया कि थाना क्षेत्र में 64 स्थानों पर होलिका दहन होगा और सभी जगह पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। होली के दौरान शराब पीकर हुड़दंग करने, झगड़ा-फसाद करने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले अराजकतत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम, प्रभात शुक्ला, रामनरेश गुप्ता, शिवराज कनौजिया, केडी वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे। सभी ने त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज हत्या में पति-सास गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में विशाल और उसकी मां फूलमती निवासी दुबहा थाना मोहम्मदी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### महिला से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खमरिया क्षेत्र के ईश्वरापुरवा मजरा समरदाहरी निवासी रुबीना ने बताया कि वह अपनी बेटी को आवाज दे रही थीं। इसी बात को लेकर गांव की ही कुछ महिलाओं और युवकों ने रंजिश मान ली। आरोप है कि शाहजहां, मानू और रुकमान ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### युवक को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ के गांव राजापुर निवासी अनुज वर्मा ने बताया कि मिल में आपूर्ति कराने के लिए उन्होंने ट्रॉली में गन्ना भरवाया था। आरोप है कि जब ट्रैक्टर ट्रॉली निकाली जा रही थी, तभी गन्ना गांव के ही अमर सिंह की दीवार में रगड़ गया। इसी बात को लेकर अमर सिंह और उनके पुत्र विनय सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे अरुण निवासी गोडियाना त्रिकोलिया, नीरज चौहान निवासी लालपुर ढाका थाना पलिया और सचिन निवासी त्रिकोलिया थाना संपूर्णानगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। इस पर अदालत ने वारंट जारी किया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

### विवाहिता से मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी प्रीति कुमारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 25 अप्रैल 2024 को जीतू से हुआ था। आरोप है कि पति जीतू, ससुर राम स्वरूप, सास वीरवती, जेठ बंटी और जेठानी छमा संतुष्ट नहीं थे और लगातार 10 लाख रुपये नकदी और कार की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती थी और 19 जनवरी 2026 को आरोपियों ने मारपीट कर दी। मारपीट में उसका हाथ भी टूट गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# जाली मरम्मत से थमेगा मानव-वन्यजीव संघर्ष

## दुधवा की सीमा पर तीन किमी सुरक्षा बाड़ दुरुस्त, महाराजनगर, मोतीपुर में हमलों के बाद हरकत में वन विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



भैरमपुर के निकट जंगल में सुरक्षा जाली दुरुस्त करते मजदूर। ● अमृत विचार



सुरक्षा जाली के एंगल को जोड़ता मिस्त्री।

- नाली पटने और तार फेंसिंग क्षतिग्रस्त होने से बढ़ी थीं घटनाएं
- खेतों में वन्य जीवों की घुसपैठ रोकने में मिल सकेगी कामयाबी

**अमृत विचार:** बेलरायां क्षेत्र में जंगल से सटे गांवों में बढ़ रही मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग ने ठोस कदम उठाया है। दुधवा नेशनल पार्क की सीमा से लगी सुरक्षा जालियों और तारबाड़ की व्यापक मरम्मत कराई गई है, जिससे अब वन्य जीवों के जंगल से बाहर निकलने की संभावना काफी हद तक कम हो गई है।

दुधवा नेशनल पार्क प्रशासन ने वर्षों पहले जंगली जानवरों को बाहर आने से रोकने के लिए पार्क की सीमा पर गहरी नाली खुदवाई थी, लेकिन समय के साथ लकड़कट्टों ने कई स्थानों पर नाली पाटकर रास्ते बना लिए। इससे न सिर्फ जंगल में पेड़ों का अवैध कटान बढ़ा, बल्कि शिकारियों की गतिविधियां भी तेज हो गईं। नाली पाटे जाने से वन्य जीवों की आवाजाही भी आसान हो गई और वे खेतों व आबादी की ओर आने लगे। करीब एक वर्ष पहले पार्क प्रशासन ने तार फेंसिंग कराई थी, ताकि वन्य जीवों की घुसपैठ रोकी जा सके और वन संपदा सुरक्षित रहे। मगर कई जगह यह तारबाड़ वन्य जीवों द्वारा तोड़ दी गई, जबकि कुछ स्थानों पर लकड़कट्टों और शिकारियों ने इसे काटकर रास्ता बना लिया। परिणामस्वरूप तेंदुआ, नीलगाय, जंगली सूअर, हाथी सहित अन्य वन्य जीव खेतों से लेकर गांव की बस्तियों तक पहुंचने लगे और मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ गईं। पिछले महीनों में महाराजनगर में बाघ और तेंदुए के हमलों की दो घटनाएं तथा मोतीपुर में एक घटना सामने आई, जिसने वन विभाग को गंभीर कदम उठाने के लिए मजबूर किया। इसके बाद वन क्षेत्राधिकारी नार्थ भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में भैरमपुर से महाराजनगर गांव तक लगभग तीन किलोमीटर लंबी सुरक्षा बाड़ की मरम्मत कराई गई है। कई स्थानों पर जालियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थीं, खंभे झुक गए थे और तारबाड़ टूट गई थी। इन खामियों का फायदा उठाकर जंगली जानवर जंगल से निकलकर गांवों और खेतों तक पहुंच जाते थे। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता था और फसलें भी बर्बाद हो रही थीं। रात में किसानों को खेतों की रखवाली करनी पड़ रही थी, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा था। अब सुरक्षा बाड़ मजबूत होने के बाद ग्रामीणों ने राहत महसूस की है। उनका कहना है कि लंबे समय से टूटी जालियों के कारण आर्थिक नुकसान के साथ-साथ जान-माल का खतरा बना रहता था। मरम्मत के बाद स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी है। वन विभाग का मानना है कि इस पहल से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी आएगी और जंगल तथा गांव के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### मजबूत की गई जाली नियमित निगरानी का आश्वासन

वन विभाग की टीम ने क्षतिग्रस्त हिस्सों को हटाकर नई और मजबूत जाली लगाई है। टूटे खंभों को बदला गया और तारबाड़ को कसकर दुरुस्त किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि अब सुरक्षा जाली का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। जहां भी कमजोरी पाई जाएगी, तुरंत मरम्मत कराई जाएगी। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध कटान की सूचना तुरंत वन विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# 1,398 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 32 गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गुरुवार को जिले के 129 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से पहले ही परीक्षार्थियों की आवाजाही शुरू हो गई थी। प्रशासन की सतर्क निगरानी के बीच परीक्षा प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। गुरुवार की परीक्षा में कुल 1,430 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,398 ने परीक्षा दी, जबकि 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 1,416 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1,385 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 31 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई और सभी को निर्धारित नियमों का पालन कराते हुए परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

वहीं प्रथम पाली में हाईस्कूल के एक विषय की परीक्षा भी आयोजित हुई, जिसमें कुल 14 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 13 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा को निष्पक्ष एवं नकलविहीन बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई।

इसके अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सचल दल लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि गुरुवार की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई, बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं।

### उपस्थिति का विवरण

**इंटरमीडिएट (प्रथम पाली)**
पंजीकृत – 1,416
उपस्थित – 1,385
अनुपस्थित – 31

**हाईस्कूल (प्रथम पाली)**
पंजीकृत – 14
उपस्थित – 13
अनुपस्थित – 01

# संस्कृति के संगम में लोकसंस्कृति की दिखी अनुपम झलक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी




महोत्सव में एकांकी प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

- दुधवा टाइगर रिजर्व के चंदन चौकी में गूंजा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026

**अमृत विचार:** भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का अनुपम उत्सव, भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026 दुधवा टाइगर रिजर्व के चंदन चौकी में उल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। संस्कृति-पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने सीमाओं से परे मित्रता, परंपरा और सांस्कृतिक एकता का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक शोभा यात्रा से हुई, जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। दीप प्रज्वलन के साथ मंचीय कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ और इसके बाद लोक संस्कृति की रंगीन झलकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर जादू कला से लेकर लोक गायन और थारू लोक नृत्य तक विविध प्रस्तुतियों ने तालियों की गूंज से प्रेक्षागृह को भर दिया। हर्ष अग्निहोत्री की जादू प्रस्तुति ने आश्चर्य का वातावरण बनाया, वहीं दीपिका मिश्रा का लोक गायन, गौरी शंकर का लोक गायन, सुप्रिया भारती का गायन एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त राकेश उपाध्याय के द्वारा निमिया के डार, होली उलरारा जैसे अन्य धुनों की मधुरता बिखेरी।

स्वधा मिश्रा के बधावा लोक नृत्य तथा प्रेरणा कठारिया, लक्ष्मण प्रसाद राणा एवं दुधवा थारू मयूर मंडली निर्मला दल की प्रस्तुति ने भारत-नेपाल की सांस्कृतिक निकटता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि नेपाल भाषा विधि संयोजक कमल राना, एसडीएम न्यायिक आरती यादव, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला, तहसीलदार ज्योति वर्मा, जितेंद्र सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।



चित्रकला प्रतियोगिता में बनाए गए चित्रों को देखते अतिथिगण। ● अमृत विचार

### चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**लखीमपुर खीरी :** भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के तहत राजरानी माता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, बेहजम में चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर रंगों, उत्साह और रचनात्मकता से सराबोर नजर आया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष करूणाकांत शुक्ला रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे, जबकि स्वतंत्र कलाकार संजीव गुप्ता बतौर अतिथि रहे। विद्यालय के व्यवस्थापक उमेश कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य आलोक कुमार सैनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य संतोष मिश्रा, कला शिक्षक अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

# बैक गियर में दौड़ी कार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अस्पताल रोड पर हुआ हादसा, मची भगदड़

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल रोड पर खीरी सांसद के कार्यालय के निकट गुरुवार को एक कार बैग गियर में दौड़ पड़ी। इस दौरान कार की चपेट में आने से कई बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। इससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होते होते टल गया। इस मामले में अभी तक किसी ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

हादसा गुरुवार की दोपहर हुआ। जिला अस्पताल रोड शहर की प्रमुख रोड है। इस मार्ग पर काफी भीड़भाड़ रहती है। खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा के संसदीय कार्यालय के निकट उस समय अफरा तफरा मच गई, जब एक गैराज में खड़ी कार उल्टा दौड़ पड़ी। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक कार कुछ बाइकों को टक्कर कारने के बाद अचानक रूक गई। इससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यह तो गनीमत रही कि कार की चपेट में कोई पैदल राहगीर नहीं आया, अन्यथा बड़ी अनहोनी घट सकती थी। बताते हैं कार एक दवा व्यापारी की थी, जिसे उसका बेटा बाहर निकाल रहा था। अचानक बैक गियर डालते ही कार पीछे की ओर भाग पड़ी। इस संबंध में शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह कहना है कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि कोई शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बोर्ड बैठक में कुंभी मिल की गैरहाजिरी पर नाराजगी

संवाददाता, मैगलगंज



बैठक में मौजूद संचालक व कर्मचारी। ● अमृत विचार

- सहकारी गन्ना समिति मैगलगंज की बोर्ड बैठक
- खाद गोदाम और एजीएम की तैयारियों पर चर्चा

**अमृत विचार:** मैगलगंज स्थित सहकारी गन्ना समिति मैगलगंज की प्रबंध समिति की बैठक गुरुवार को समिति परिसर में आयोजित हुई, जिसमें कुंभी चीनी मिल के किसी अधिकारी के न आने पर कड़ी नाराजगी जताई गई। बैठक में चीनी मिल को नोटिस देने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने की। बैठक में गत वर्ष की कार्यवाही की समीक्षा की गई। दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 तक हुए आय-व्यय का अवलोकन कर अनुमोदन पर विचार किया गया। साथ ही अपर गन्ना आयुक्त के निर्देशों के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट की रूपरेखा तैयार करने पर भी चर्चा हुई। प्रबंध समिति ने औरंगाबाद खाद गोदाम को पुनः चालू करने तथा मितौली खाद गोदाम को कब्जा मुक्त कराने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया। आगामी एजीएम की बैठक को लेकर भी चर्चा की गई और उसे और अधिक व्यापक रूप से आयोजित करने का सुझाव रखा गया।

बैठक में डीसीएम अजबापुर चीनी मिल की ओर से रीजनल हेड रमेश चौधरी उपस्थित रहे। वहीं कुंभी चीनी मिल का कोई प्रतिनिधि बैठक में नहीं पहुंचा, जिस पर बोर्ड सदस्यों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। समिति की ओर से कुंभी चीनी मिल को नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष बृजेश सिंह, गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर, अमित सिंह, चंद्रशेखर सिंह, मुन्नालाल पाल, प्रतिनिधि अमृतेश अवस्थी, प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव, हर्ष वर्मा, सचिव नंदलाल सहित तमाम संचालक और समिति कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रेमी ने रोकी दुल्हन की कार, किया शादी का दावा

संवाददाता, धौरहरा

- आर्य समाज विवाह के दस्तावेज सामने आने से हड़कंप

**अमृत विचार:** सिसैया-ईसानगर रोड पर उस समय फिल्मी अंदाज में ड्रामा हो गया। जब एक युवक ने दुल्हन को ले जा रही कार को ओवरटेक कर बीच सड़क पर रोक लिया। युवक ने खुद को दुल्हन का प्रेमी बताते हुए आर्य समाज मंदिर में विवाह के फोटो और दस्तावेज दिखाए। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पक्षों को कार्यालय ले जाया गया, जहां देर शाम तक चली पंचायत के बाद समझौता हो गया।

पढ़ुआ थाना क्षेत्र के एक गांव से बारात दुल्हन को विदा कराकर ईसानगर क्षेत्र के एक गांव जा रही थी। दोपहर करीब दो बजे सिसैया-ईसानगर मार्ग पर इमिलिया के पास एक युवक बाइक से कार के आगे आ गया। ओवरटेक कर कार रुकवाते ही कार का दरवाजा खोलकर दुल्हन को उतारने की कोशिश करने लगा। घटनाक्रम से बारातियों में अफरा-तफरी मच गई। युवक का दावा था कि युवती उसकी प्रेमिका है और दोनों ने आर्य समाज मंदिर में विवाह किया है। उसने फोटो और संबंधित प्रपत्र भी दिखाए। स्थिति बिगड़ती देख बारातियों ने यूपी-112 पर सूचना दी। पुलिस सहमति न बनने पर सभी पक्षों को पीआरवी से धौरहरा स्थित क्षेत्राधिकारी कार्यालय ले गई। आहत वर पक्ष ने दुल्हन को अपनाने से इनकार कर दिया। वहीं युवती ने प्रेमी के साथ जाने से मना करते हुए दूल्हे के साथ ही जाने की इच्छा जताई। दिनभर क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह ने समझाने का प्रयास किया। सीओ ने बताया कि लड़का-लड़की दोनों बालिग हैं। युवक द्वारा विवाह के फोटो और दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे, जबकि युवती के परिजनों ने उसकी शादी ननिहाल पक्ष में तय कर दी थी। किसी भी पक्ष ने पुलिस कार्रवाई की इच्छा नहीं जताई और आपसी सहमति से समाधान निकालने पर सहमति बनी।

शाम तक चली पंचायत के बाद युवती को मायके भेज दिया गया, जहां दोनों पक्षों के बीच सुलह हो गई। इसके बाद दोबारा बारात आई और विधिवत विदाई के बाद दुल्हन दूल्हे के साथ रवाना हो गई। घटना को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

# गोष्ठी में निपुण भारत मिशन पर जोर




गोष्ठी में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, खमरिया

- शैक्षिक गुणवत्ता, उपस्थिति व डीबीटी क्रियान्वयन पर मंथन

**अमृत विचार:** कस्बे के बीबीएलसी इंटर कॉलेज परिसर में गुरुवार को ब्लॉक ईसानगर क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ अखिलानंद राय ने की।

उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस ब्लॉक स्तरीय गोष्ठी में धौरहरा विधायक मुख्य अतिथि विनोद शंकर अवस्थी रहे। साथ ही क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, अभिभावक एवं शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

वक्ताओं ने निपुण भारत मिशन के तहत विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को निपुण बनाने, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष बल दिया। साथ ही डीबीटी और कायाकल्प योजना के 19 बिंदुओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को निपुण लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि विद्यालयों को किसी प्रकार की समस्या आती है तो उन्हें अवगत कराया जाए, समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। एसआरजी अनुपमा मिश्रा ने शैक्षिक नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान शिक्षक लालता बाजपेई, प्रदीप वर्मा, राजेश यादव, रमेश चंद नागर, दुर्गेश श्रीवास्तव, महेश विश्वकर्मा, रजतमणि कश्यप, प्रदीप अवस्थी, गंगेश्वर दयाल मिश्रा, मनोज कुमार, सर्वेश जायसवाल, अनिल कटियार, रविंद्र कुमार, दिनेश कुमार भास्कर, अरुण आदि मौजूद रहे।

# भाजपा संविधान का मूल ढांचा बदलना चाहती है

संवाददाता, पलिया कलां

- कांग्रेस पदाधिकारियों ने की प्रेसवार्ता, संघर्ष का ऐलान

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा पर संविधान के मूल ढांचे को बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन कर संगठन को मजबूत कर रही है।

स्थानीय एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने कहा कि भाजपा संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ करना चाहती है। आरोप लगाया कि मनरेगा का नाम बदलकर गरीबों के वास्तविक अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। यूजीसी से जुड़े निर्णयों के माध्यम से सवर्ण वर्ग के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। साथ ही, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ सरकार द्वारा दुर्भावनापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. अमित राय और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर अनामिका यादव ने कहा कि सरकार मूल समस्याओं से ध्यान हटाने का काम कर रही है। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष बृज मौर्य ने पलिया की स्थानीय समस्याओं को उठाने का आश्वासन दिया। पत्रकारों ने शारदा से सिल्ट हटाने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने, थारू आदिवासियों पर वन विभाग द्वारा दर्ज मुकदमों तथा एक विद्यालय में छात्राओं से छेड़खानी के मामलों पर विपक्ष की सक्रियता पर सवाल उठाए। अंत में पदाधिकारियों का स्वागत नगर के अमर गुप्ता, आबिद हुसैन खां, रामू त्रिवेदी एडवोकेट, शुभम अग्निहोत्री, उमेश मिश्रा, रामचंद्र सिंह, आदिल खान, राजन यादव और आकिब आदि ने किया।



पत्रकारों से वार्ता करते उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया ● वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री के पुत्र प्रवेन्द्र पुत्र अशोक से उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर उससे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **चन्द्रकली पत्नी रामलाल निवासी ग्राम बरकलीगंज थाना कैण्ट जिला बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र माधव पाठक को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **आलोक पाठक पुत्र जितेन्द्र पाठक निवासी ग्राम नूरपुर पिनौनी थाना- इस्लामनगर तह. बिल्सी जिला बदायूं**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड 689801492198 में मेरा नाम हरि नंदन (Hari Namdan) दर्ज था। किन्तु अब मैने अपने आधार कार्ड में संशोधन करवाकर अपना सही नाम हरि नन्दन (Hari Nandan) दर्ज करा लिया है। जो वास्तविक व सही नाम है। **हरिनन्दन पुत्र श्री हेतराम निवासी मोहम्मदी पुठी सराय जिला बदायूं**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं. U3541146 में मेरा नाम भूलवश Jasvindar Kaur दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम Jasvinder Kaur है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी Jasvinder Kaur ही दर्ज है। **जसविन्दर कौर पत्नी सवेंदर सिंह निवासी पोस्ट आफिस जटपुरा, जिला पीलीभीत।**

**आवश्यकता है**
प्राचार्य / असि. प्रो. एलएल.बी. व बी.ए. एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजें।
योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार।
E-mail: lbslaw50@gmail.com
**एल.बी. एस. कॉलेज ऑफ लॉ**
नवाबगंज (बरेली) मो. नं. 9412360790

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

